खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $18^0$ C
न्यूनतम : $08^0$ C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 28 जनवरी 2026  उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27  अंक 12  पृष्ठ 12  मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com  माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082  8 शाबान 1447 हिजरी  नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम सम्पादकीय




न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को गुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

- सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती



## यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।



- समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा
- उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे: ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्ूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।




- यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए
- उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।



- राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

- शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तश्वरानंद के समर्थन में साधु संतों ने शुरू की धूनी साधना

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अनशन के समर्थन में मंगलवार को साधु संतों ने एक अनूठी साधना शुरू कर दी है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की अगुवाई में बड़ी संख्या में संतों ने शिविर के सामने धूनी साधना शुरू कर दिया है। वैष्णव संत वसंत पंचमी से गंगा दशहरा तक अपने चारों तरफ आग जलाकर कठिन तपस्या करते हैं, इसे ही धूनी तापना कहते हैं और इससे संत शरीर की ताप सहने की क्षमता बढ़ाते हैं, धूनी तापकर संतों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का समर्थन किया। पिछले दस दिनों से त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के बाहर पालकी पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद मेला प्रशासन से ससम्मान गंगा स्नान कराने की मांग कर रहे है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी के साथ स्नान करने संगम नोज जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने रोका था। प्रशासन ने संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का हवाला देते हुए पैदल जाने का अनुरोध किया था।

### कफ सिरप मामले में शुभम का करीबी विकास नर्वे गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के सबसे करीबी सहयोगी विकास सिंह नर्वे को वाराणसी पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने सिद्धार्थनगर जिले में नेपाल बॉर्डर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि नर्वे को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद विकास सिंह को वाराणसी लाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव टलने पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**लखनऊ, वार्ता**

ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत चुनावों की तिथि आगे बढ़ाई जाती है, तो राजस्थान सरकार की तर्ज पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यदि राज्य सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराती है, तो संगठन इसका स्वागत करेगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। यदि प्रशासकीय व्यवस्था में रिक्तता आती है, तो ग्रामीण विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे में मौजूदा ग्राम प्रधानों को अस्थाई प्रशासक बनाए जाने से गांवों में चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता को आवश्यक सेवाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन ने यह भी अनुरोध किया है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए।

# गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया।



■ संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया: कांग्रेस अध्यक्ष

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, दो विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिए पास का इंतजाम किया। राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे, तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

### विपक्षी का सरकार पर विधायी एजेंडा देने में विफल रहने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद का बजट सत्र शुरु होने से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार पर विधाई एजेंडा देने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य व्हिप के. सुरेश ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधाई एजेंडे नहीं देने के आरोप लगाए, जिसमें सरकार की तरफ से बैठक में शामिल मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। सुरेश ने कहा कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहलने विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरू हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा, जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा सुविधा न देने पर अदालत खफा

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई बीसीआई को फटकार

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाते हुए राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को समुचित मानदेय और यात्रा भत्ता उपलब्ध न कराए जाने पर सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह मुद्दा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि के मौखिक उल्लेख के बाद उठाया। गिरि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति के सदस्य हैं। गिरि ने पीठ को बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समितियों के सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय उनकी गरिमा और पद के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि इनमें



■ राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर सवाल उठाए

कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब यह विषय बीसीआई के समक्ष रखा गया, तो परिषद ने जवाब दिया कि ऐसा भुगतान 'बहुत अधिक' होगा और व्यवहा. रिक नहीं है। गिरि ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि या तो इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएं, या फिर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में बीसीआई द्वारा न्यायमूर्ति धूलिया को भेजे गए जवाब को भी पीठ के समक्ष रखा। इसके अलावा गिरि ने यह भी बताया कि बीसीआई ने राजस्थान बार काउंसिल चुनावों के लिए एक अलग समिति गठित कर दी है, यह कहते हुए कि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट के 18 नवम्बर 2024 के आदेश में राजस्थान का उल्लेख नहीं था। उन्होंने दलील दी कि यह कदम अदालत के निर्देशों की भावना और मंशा दोनों के विपरीत है और बताया कि उक्त समिति पहले ही चुनावों की अधिसूचना जारी कर चुकी है। पीठ ने बीसीआई के इस रुख पर सवाल उठाते हुए उसके वकील से पूछा कि राजस्थान को आदेश से बाहर क्यों रखा गया और अदालत को सूचित किए बिना अलग समिति क्यों बनाई गई। सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह अगले दिन तक इस पर स्पष्टीकरण दे। पीठ ने समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता न दिए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपने चुनाव शुल्क यह कहकर तय किया कि उससे चुनाव कराने के लिए पर्याप्त धन जुटेगा। अब आप सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कह रहे हैं कि आप उन्हें मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं दे सकते। वे क्या करें? क्या उनके पास अपना विमान है? गिरि ने आगे बताया कि समिति के सदस्यों को यात्रा की बुकिंग अपने खर्च पर करनी पड़ रही है और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों और विशेष रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के अनुरूप नहीं हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्च न्यायालय में उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

# संविधान को अपने से नीचे समझना ठीक नहीं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा संविधान को अपने से नीचे समझने की भूल कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जनता आज यह सवाल कर रही है कि जब अपने ऊपर दर्ज मुकदमे हटवाए गए, तब संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह कार्य किया गया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लगातार मंचों से 'सनातनी संतों' का तिरस्कार कर रहे हैं और अपमानजनक उपमाओं का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में भी नकारात्मक 'बुलडोजरी सोच' के समर्थन में नारे लगवाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया,



जबकि उपद्रव करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ताकामी भाजपा का धर्म-विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जो नुकसान होना था, वह हो चुका है और अब मजबूरी में मांगी गई माफी का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफी वही मायने रखती है, जो दिल से मांगी जाए। अखिलेश यादव ने शासनाधीशों को आगाह करते हुए कहा कि हठ हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विचार, वक्तव्य और व्यवहार लगातार असंवैधानिक रहा है। सत्ता के नशे में चूर संविधान-विरोधी भाजपा अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।



**सेंसेक्स** 81857.48
**निफ्टी** 25175.40



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो




# बड़े उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरते हुए प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा के बाद बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता का समापन हो गया है।

इसमें 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं को यूरोपीय संघ के देशों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में इसमें करीब 996 अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 81,088.59 अंक और ऊपर 82,084.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की



मजबूती के साथ 25,175.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रही तेजी से भी शेयर बाजार को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 27 पैसे की बढ़त में 91.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। धातु, बैंकिंग, आईटी और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर भी चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। ट्रेंट, इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर तीन फीसदी से अधिक टूटा। कमजोरी तिमाही परिणाम से एशियन पेंट्स में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही। इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। टाइटन और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट रही।

# निजीकरण के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने दी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया, तो देशभर में तात्कालिक 'लाइटनिंग एक्शन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं। फेडरेशन ने मल्टी-लाइसें. सिंग, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग, पीपीपी मॉडल और ठेकेदारीकरण का विरोध करते हुए इसे बिजली व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया। एआईपीईएफ ने सरकार से बिल वापस लेने, निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि यदि सरकार ने संवाद नहीं किया तो बिजली आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# एयरबस के भारतीय हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन 'आने वाले सप्ताहों में'

**नई दिल्ली, वार्ता**

विमान एवं हेलीकॉप्टर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी एयरबस के कर्नाटक में बन रहे एच125 हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन फरवरी-मार्च में संभव है। फ्रांस की कंपनी एयरबस ने सोमवार को साल 2025 के प्रदर्शन की मुख्य बातें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अपनी विस्तार योजना के तहत वह कर्नाटक के वेमागल में एच125 हेलीकॉप्टर के लिए फाइनल असेम्बली लाइन लगा रही है। इसके लिए साल 2025 में काम शुरू हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है, आने वाले सप्ताहों में उद्घाटन इसका उद्घाटन किया जाना है। यह एच125 हेलीकॉप्टर के लिए दुनिया में एयरबस का चौथा संयंत्र होगा, जो भारतीय बाजार के प्रति एयरबस की प्रतिबद्धता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दिखाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के एक प्रवक्ता ने दो. हराया कि उद्घाटन के बारे में 'आने वाले सप्ताहों में' और जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से पहले हेलीकॉप्टर की डिलिवरी साल 2027 में होने की उम्मीद है। एयरबस ने बताया है कि साल 2025 में उसे 544 हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर मिले जो नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पचास देशों से 205 ग्राहकों से ये ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने साल के दौरान 392 हेलीकॉप्टरों की डिलिवरी की। साथ ही ड्रोनों के ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो ईवेन ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा पर कंपनी का फोकस अपने उच्चतम स्तर पर है। साथ ही ड्रोन की बढ़ रही मांग को पूरा करने में कंपनी अग्रणी है।

शाह टाइ
स्वामी शाह पब्लिके
के लिए मुद्रक एवं प्रकाश
राना द्वारा शाह पब्लिके
सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मु
से मुद्रित एवं 63/9 ई-
देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. रान
*कार्यकारी सम्पा
आनन्द बत्रा 'सु
स्थानीय सम्पाद
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्याल
ई-राजपुर रोड देह
☎0135-27433
R.N.I. No.UTT HIN 20
मोबाइल-97200
www.shahtimesne
email:shahtimes2015@
*इस अंक में प्रकाशित समस्
चयन एवं सम्पादन हेतु PF
अंतर्गत उत्तरदायी। समस
मुजफ्फरनगर न्यायालय के अ

# अलंकार अग्निहोत्री के निलंबन से उप्र में प्रशासनिक हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा अब उत्तर प्रदेश सरकार के साथ टकराव का रूप ले चुका है।

गणतंत्र दिवस के दिन कथित तौर पर 'ब्राह्मण अस्मिता' और यूजीसी नियमों के विरोध में इस्तीफा देने वाले अग्निहोत्री को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है, जिससे प्रदेश की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार देर रात अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार उनका सामान ट्रक के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। निलंबित अधिकारी को शामली जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन शामली में उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए बरेली मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में अग्निहोत्री की सोशल मीडिया गतिविधियों, राजनी. तिक टिप्पणियों और सेवा आचरण नियमों के कथित उल्लंघन की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से इस बात की जांच की जा रही है कि किसी सेवारत अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के बहिष्कार की अपील करना, क्या गंभीर कदाचार या देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

सूत्रों के मुताबिक यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो अलंकार अग्निहोत्री को सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विवादित मामलों में सरकार अक्सर औपचारिक जांच पूरी होने तक अधिकारी का इस्तीफा स्वीकार नहीं करती, जिससे संबंधित अधिकारी न तो सक्रिय सेवा में रहता है और न ही पूरी तरह सेवा मुक्त हो पाता है। इस बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दिए गए कथित 'बड़े प्रस्ताव' और कई ब्राह्मण संगठनों के समर्थन ने अटकलों को और हवा दे दी है कि अलंकार अग्निहोत्री भविष्य में सामाजिक या धार्मिक भूमिका में उभर सकते हैं। उनके 'त्याग' के नैरेटिव को समाज के एक वर्ग का समर्थन मिलता दिख रहा है। निलंबन और सरकारी आवास खाली किए जाने के बावजूद अग्निहोत्री अपने रुख पर अडिग बताए जा रहे हैं। उनसे जुड़े लोगों के अनुसार उनका कहना है कि चूंकि उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, इसलिए निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कथित तौर पर कहा है कि वे अपने 'मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत' की रक्षा के लिए हर परिणाम भुगतने को तैयार हैं।

# आर्थिक विकास के सरकार के आंकड़े जमीनी हकीकत के विपरीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आर्थिक विकास को लेकर जो आंकड़े पेश करती रही है वह जमीनी हकीकत के विपरीत है और खुद उसके आर्थिक सलाहकार का कहना है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का आंकड़ा ढाई प्रतिशत ज्यादा बताया गया है।

पार्टी ने कहा है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिन गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी जातियां बताया था और विकास प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकताएं देने का दावा किया था लेकिन उनकी बेहतरी की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन राजीव गौड़ा तथा रिसर्च और मॉनिटरिंग विभाग के प्रमुख अमिताभ दुबे ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जीडीपी के जो आंकड़े देश के सामने पेश कर रही है, वह जमीनी सच्चाई से बहुत दूर है। सरकार की गत जुलाई से सितम्बर में जीडीपी की विकास दर 8.3



प्रतितश थी और महंगाई दर 0.5 प्रतिशत बताई, लेकिन सवाल है कि देश में ऐसा कौन सा परिवार होगा, जिसका बजट सालाना 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर ए आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि सरकार ने मंहगाई को खत्म कर दिया है। वास्तविक स्थिति बताती है कि आंकड़ों के हिसाब से जमीनी हकीकत एकदम भिन्न है। उन्होंने कहा कि विकास दर बढ़ने की बात हो रही है, लेकिन रूपया एशिया की सबसे खराब करेंसी बन चुका है। इसका कारण ये है कि एफडीआई और पोर्टफोलियो फ्लो दोनों बाहर जा रहे हैं। नेट फ्लो नेगेटिव हो गया है। हर साल करीब पांच हजार करोड़पति देश छोड़ रहे हैं और वो अपना पैसा भी लगातार बाहर खींच रहे है। सवाल है- अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी है, तो ऐसा क्यों हो रहा है, मगर आजतक इन सवालों का जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन इसके नियमों में जो बदलाव किए गए हैं और अब लोगों को पहले की तरह इसका लाभ नहीं मिलेगा। मनरेगा में पहले केंद्र 90 प्रतिशत पैसा देता था, लेकिन अब 60 प्रतिशत देगा। इसी तरह पहले मनरेगा हर ग्रामीण इलाके में उपलब्ध था, वो अब नहीं होगा और मनरेगा पहले डिमांड के हिसाब से चलता था, अब बजट के हिसाब से चलेगा। बड़ा बदलाव यह है कि पहले इसकी प्लानिग ग्राम सभा करती थी, लेकिन अब अफसरशाही के मुताबिक इसकी योजना बनाई जाएगी। एक तरफ देश में असमानता बढ़ रही है, पूंजीपतियों का धन बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीबों को राहत देने के लिए जो कुछ योजनाएं चल रही थीं, उन्हें भी सरकार खत्म करने पर तुली है। युवाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए नौकरियां कहां हैं।

### पीएमकेवीवाई की विफलता उजागर हुई

अप्रैल-सितम्बर 2025 में युवा श्रम बल की भागीदारी 42.0 प्रतिशत से गिरकर 41.3 प्रतिशत रह गई और युवा रोजगार 35.8 प्रतिशत से घटकर 35.2 प्रतिशत हो गई है। उक्त अवधि तक युवा बेरोजगारी 15 प्रतिशत तक बढ़ गई थी और शहरी इलाकों में यह 18.4 फीसदी हो गई थी।

इंटर्नशिप को उन्होंने कांग्रेस से मिला आईडिया बताया, लेकिन कहा कि गत नवम्बर के अंत तक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत केवल 2,066 इंटर्नशिप पूरी हुई, जिनमें से केवल 95 को नौकरी के प्रस्ताव मिले। इसी तरह से भारत कौशल रिपोर्ट में केवल 54.81 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं। कौशल विकास के लिए कैग की रिपोर्ट पीएमकेवीवाई की कार्यप्रणाली को एक शानदार विफलता के रूप में उजागर करती है।

# तेज रफ्तार इको कार की टक्कर से दो छात्रों की दर्दनाक मौत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढाना मार्ग पर सोमवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने मोटरसाइकिल सवार छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में घायल सभी छात्रों को तत्काल खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद हिमांशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अक्षय, देवराज और मोहित को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान मंगलवार को अक्षय ने भी दम तोड़ दिया। बताया गया है कि रवापुरी सठेड़ी इंटर कॉलेज के छात्र गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव सठेड़ी लौट रहे थे। रास्ते में वे गांव न जाकर रतनपुरी की ओर घूमने निकल पड़े। जैसे ही मोटरसाइकिल सवार छात्र हिमांशु पुत्र बालकिशन, देवराज पुत्र महिपाल, अक्षय पुत्र सुशील और मोहित सठेड़ी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से आ रही इको कार से उनकी आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्र सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रतनपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी भिजवाया। दो छात्रों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। फिलहाल मृतक छात्रों के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने इको कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है।

## विद्युत करंट से भेड़ की मौत

**मोरना।** शुकतीर्थ में मुख्य मार्ग किनारे रखे ट्रांसफार्मर के निकट विद्युत करंट की चपेट में आकर एक भेड़ की मौत हो गई,भेड़ की मौत से दुरूखी हुए पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।वहीं राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के राष्ट्रीय सचिव में भी प्रशासन से पीड़ित के लिए मदद की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के शुकतीर्थ निवासी राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के राष्ट्रीय सचिव शुभम कौशिक ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद निकटवतह्न गांव भुवापुर निवासी अमित कुमार पुत्र सतबीर अपनी भेड़ जंगल से चरा कर शुकतीर्थ से होकर गुज़र रहा था की मुख्य मार्ग किनारे रखे ट्रांसफार्मर के पास दौड़ रहे करंट की चपेट मे आकर एक भेड़ की मौत हो गयी यह घटना विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर हुई भव्य परेड



■ **मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने किया ध्वजारोहण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य परेड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश) द्वारा ध्वजारोपण कर परेड की सलामी ली तथा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया।

6वी वाहिनी पीएससी मेरठ, बैंड दल द्वारा राष्ट्रीय धून बजाई गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। परेड में प्रथम कमाण्डर सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा, द्वितीय आरआई निरीक्षक उदल सिंह के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया। इस दौरान एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, सीओ यतेन्द्र नागर, दरोगा ललित शर्मा, मुख्य आरक्षी रोहताश कुमार, सुनील कुमार, इस्फाक को सम्मानित किया गया। इनके अलावा भी सेवा विभागों के आधार पर प्रशंसा चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया। एसएसपी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एडीएमएफ गजेन्द्र सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरबीन अरोड़ा राय तथा मंत्री कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजन हुआ। इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही 100 से अधिक टैबलेट्स का वितरण किए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में आयोजित लकी ड्रा के माध्यम से जल कंपनी की 15 इलेक्ट्रिक बाइक्स ई–बाइक भी प्रतिभागियों को भेंट की गईं, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन द्वारा आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# देहात में भी धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** 77वें गणतंत्र दिवस पर खतौली कस्बा देशभक्ति के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया। तहसील, कोतवाली, सीओ कार्यालय, स्कूल–कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर शान से लहराते तिरंगे, गूंजते राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों ने पूरे नगर को गर्व और उल्लास से भर दिया।

तहसील परिसर में एसडीएम निर्कता शर्मा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और संविधान के मूल्यों पर चलने का संदेश दिया। वहीं सीओ कार्यालय में डीएसपी रामआशीष यादव तथा कोतवाली परिसर में कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। **श्री कुंद कुंद जैन पब्लिक स्कूल** परिसर राष्ट्रभक्ति, उल्लास और गरिमा से सराबोर नजर आया। विद्यालय को तिरंगे झंडों व देशभक्ति की भावनाओं से सुसज्जित किया गया, जिससे हर ओर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशांक कुमार जैन एवं प्रबंधक वैभव कुमार जैन द्वारा समिति सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर की गई।

**लायंस क्लब खतौली** द्वारा श्री हरिराम शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल, गंग नहर के निकट जीटी रोड स्थित परिसर में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन अर्जुन गुप्ता ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया।**बुढ़ाना** गांव रायपुर अटेरना में स्थित कंपोजिट विद्यालय रायपुर अटेरना में 77वां गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ममता शर्मा मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विद्यालय के समस्त अध्यापकों व बच्चों के समक्ष अपने कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया। इस दौरान पंडित जोगिंद्र शास्त्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे लागू करने के 26 जनवरी की तिथि को इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था। **ग्राम खिजरपुर में** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एण्ड सोशल इश्यूज ट्रस्ट द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। यह यात्रा प्राइमरी स्कूल से सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर गाँव के प्रमुख मार्गों से होते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक इंजीनियर मोहम्मद अरशद शाह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर भावी प्रधान पद उम्मीदवार मोहम्मद हुसैन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और सभी ग्रामवासियों से शांति, अनुशासन एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर संस्थापक इंजीनियर मोहम्मद अरशद शाह ने सभी ग्रामवासियों, युवाओं एवं सहयोग करने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया।

**आजाद समाज पार्टी** के वरिष्ठ नेता और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी ने जहां एक और सबसे पहले बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सफीपुर में 26 जनवरी के उपलक्ष्य में अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में एक स्कूल में ध्वजारोहण किया वहीं उन्होंने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासोली में स्थित बिजली घर पर भी झंडारोहण किया। उन्होंने इसी गांव परासौली में स्थित इस्लामिया मदरसे में भी अपने कर कमलों द्वारा झंडा रोहण कर 26 जनवरी के महत्त्व को बताया। **मोरना स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कॉलिज** मे गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पहुंची विधानस परिषद सदस्य वंदना वर्मा ने वन्दे मातरम, भारत माता की जयघोष के उपरांत कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं।भविष्य को मजबूत बनाने के लिए हमें शिक्षित होना होगा। देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्य मंत्री राष्ट्र को मज़बूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रबंधक वरुण कुमार, प्रधानाचार्य फूलचंद,पूर्व प्रबंधक आनंद कुमार, एडवोकेट चन्द्रकिरण यादव, नरेंद्र राठी,अनुज पहलवान,वीरेन्द्र सिंह, राजीव राठी, मनववर जैदी,डॉ.वेद प्रकाश तनेजा, रमेन्द्र शर्मा,दुष्यन्त कुमार, सुन्दर गुर्जर, नीशू, किरणपाल, विकास मुखिया आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। **नगर पंचायत भोकरहेड़ी** मे 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर चेयर पर्सन सरला देवी वामन द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। कार्यक्रम मे कस्बे का नाम रोशन करने वाले युवा बॉलीवॉल खिलाडी कार्तिक सहरावत व छात्रा किरण चौधरी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार, चेयरमैन पुत्र सचिन वामन, सभासद मुस्तकीम अब्बासी, राहुल गर्ग,रामबीर सिंह, मौ. अहसान, लिपिक संजीव कुमार शील,भाजपा के राम कुमार शर्मा, भूपेंद्र वाल्मीकि, हरपाल सिंह, काजी मुबशिर, काजी मंसूर अख्तर, सुदेश कुमार, मुनिराम, मोहम्मद सभासद, सभासद अंकुर सहरावत, ललित सहरावत,काजी अफजल, विपिन पंवार,मजनू कुमार,सतीश कुमार, नरेन्द्र बालियान,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन काजी अमजद अली ने किया **भोपा मे मुज़फ्फरनगर** मार्ग पर स्थित बबन टी स्टाल पर गत वर्षो की भांति भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने ध्वजा रोहण किया अमित राठी ने कहा की आमजन राष्ट्र भावना को लेकर राष्ट्र हित मे कार्य करे. नागरिकों के सहयोग से राष्ट्र मज़बूत होगा। इस अवसर पर हिमांशु राठी, विजय राठी, नीलू, अनिल कुमार, विनीत राठी, मौ. अज़ीम आदि मौजूद रहे कार्यक्रम के बाद मिष्ठान वितरण किया गया।

**भोपा के प्रसिद्ध समाजसेवी अरविन्द अहलुवालिया** को गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की उपस्थिति मे राज्य मंत्री अनिल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिससे कस्बे उनके परिवार मे खुशी की लहर दौड़ गयी है। अरविन्द अहलुवालिया ने बताया की उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उन्हें जिले के एसएसपी संजय कुमार वर्मा की मौजूदगी मे मंत्री अनिल कुमार द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिससे आत्महत्या करने वालों की जान बचाने के प्रयास के लिए ऐसा किया गया है साथ ही बीते वर्ष उनके द्वारा काँवड यात्रा के दौरान प्रशासन का विशेष सहयोग किया गया। गंग नहर पुल के आसपास व कस्बे मे अनेक स्थानों पर सुंदरता बनाई गई है।

**एसडी पब्लिक स्कूल** मे गणतंत्र दिवस परंपरागत रूप मे धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय निदेशक कृष्ण पाल सिंह व प्रधानाचार्या अंजु शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें सभी ने तालियां बजाकर पसंद किया। **शुकतीर्थ स्थित कारगिल शहीद स्मारक** और श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय में भागवत पीठ शुकतीर्थ पीठाधीस्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर नागपुर के कथाव्यास आचार्य मोहन कुबेर के नेतृत्व में पुणे, महाराष्ट्र के सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता की। स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि देश की आजादी के इतिहास को जिन अमर शहीदों के खून से लिखा गया उनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर हरिद्वार से कथाव्यास हनुमान दास, राष्ट्रीय सैनिक संस्था मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोज, पूर्व जिलाध्यक्ष सूबेदार अशोक, सुनील फौजी, मांगेराम फौजी, प्रधानाचार्य गिरीश उप्रैती, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, दीपक मिश्रा, ठाकुर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**खतौली में** थानीय श्सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशनश द्वारा गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर नगर कॉलोनी स्थित जांगिड़ सत्संग भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। समारोह की शुरुआत सुबह निर्धारित समय पर ध्वजारोहण के साथ हुई। संस्था के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा के नेतृत्व में डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. राजेंद्र त्यागी और हरपाल सिंह ने गौरव के साथ तिरंगा फहराया। जिसमें वक्ताओं ने संविधान के महत्व और देश के विकास में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम मे कामेश्वर, विजेंद्र कुमार, डॉ. ब्रह्म सिंह, डॉ. आर.पी. सिंह और अमरनाथ ने अपने संबोधन में देश की लोकतांत्रिक विरासत को सहेजने पर बल दिया। बाबूराम वर्मा ने अपने सारगर्भित विचारों के माध्यम से समाज में बुजुर्गों की मार्गदर्शनकारी भूमिका और राष्ट्र प्रेम की भावना को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र कुमार गर्ग, बी.एन. शर्मा, सतीश चंद गुप्ता, सुभाष चंद। घ्अन्य गणमान्य लोग लल्लन प्रसाद, सत्यपाल त्यागी समेत संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

**कस्बा बुढ़ाना** के मिनर्वा टाकिज के पास स्थित सफीपुर गांव में गड्ढों वाली बस्ती में स्थित एक मदरसे में सफीपुर पटी गांव के प्रधान पद के उम्मीदवार मौहम्मद इनाम प्रधान ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकडों ग्रामीणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। उसके बाद मदरसे में पढने वाले बच्चों ने देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद यह कार्यक्रम चुनावी सभा में तब्दील हो गया जहां पर सभी ग्रामीणों ने इनाम प्रधान को अपना समर्थन देते हुए कहा कि वे ग्राम प्रधानी के चुनाव में इनाम प्रधान के साथ तन मन धन से शामिल रहेंगे क्योंकि इनाम प्रधान ही हमारी पिछडी बस्ती का विकास कर सकते हैं। इस पर प्रधान पद के उम्मीदवार इनाम प्रधान ने कहा कि वे आपके कहने से ही और आपका प्यार देखकर चुनावघ्मैदान में उतरे हैं। वे वादा करते हैं कि अगर आपने मुझे हकीकत में चुनाव जिता दिया तो वे आपकी बस्ती को किसी भी सूरत में लावारिस नहीं रहने देंगे। वे इस बस्ती की हर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे। बस आपका समर्थन उनकोघ् चाहिए। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से दिलशाद अहमद, शोकीन अहमद, नूर मौहम्मद, बाबू अहमद, शोकीन अहमद और भूरा अहमद सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**शाहपुर में** 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाहपुर। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत शाहपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने समस्त सभासदों व कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देशभद्रि के नारों से माहौल गूंज उठा। इधर इंडियन एसोसिएशन ऑफ िफजियोथेरेपी द्धपच्क्रृ ब्रांच मुज़फ़रनगर द्वारा अली िफजियोथेरेपी सेंटर द्धअहमद हॉस्पिटलक्रृ एवं ख्रष्णा िफजियोथेरेपी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के वीर अमर शहीदों एवं क्रांतिकारियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों में मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, संदीप बालियान, डॉ. ़ग़ज़ल खान, डॉ. शुभांग भारद्वाज, डॉ. रविन्द्र, डॉ. विजित, डॉ. विशाल, डॉ. विकास, डॉ. रवि, डॉ. गौरव सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता का संदेश। 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दयानंद आर्यवीर इंटर कॉलेज शाहपुर में छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान गांव सोरम निवासी तनु शर्मा पुत्री संजीव शर्मा को वर्ष 2025 में कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 51,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्रीय सांसद हरेंद्र मलिक द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य करण सिंह सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।ावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी द्धवार्ड 24क्रृ डॉ. लोकेंद्र बालियान ने अपने धर्मपाल हॉस्पिटल में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया। गांव सोरम के प्रधान करणवीर सिंह ने नेशनल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। गांव आदमपुर के प्रधान ने अपने गांव के सभी सरकारी स्कूलों व मदरसों में ध्वजारोहण कर प्रसाद वितरण कराया।

**शाहपुर** स्थित कल्पना चावला स्कूल में प्रबंधक सत्येंद्र पाल ने ध्वजारोहण किया। वहीं गांव शोरम में सहायता एकता समिति द्धरजिस्टर्डक्रृ द्वारा ऐतिहासिक गांव सोरम में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्षरुकान चौधरी, सचिव मोहम्मद राशिद सिद्दीकी, उपाध्यक्ष वकील खान बसी, कोषाध्यक्ष अब्दुल माजिद अंसारी, महासचिव मोहम्मद आकिल सिद्दीकी, ब्लॉक उपाध्यक्ष कामिल चौधरी, तहसील अध्यक्ष गुल्फाम चौधरी, मीडिया प्रभारी नदीम, डॉ. इरुान तथा ग्राम अध्यक्ष यूनुस चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत शाहपुर, मुजफ्फरनगर

पत्रांक–168/न.पं.शा./2025–26    दिनांक– 27/1/2026

### ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रित सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष वर्ष 2025–26 में सीवरेज एवं जल निकासी योजना एवं अवस्थापना निधि/राज्यवित्त लेखा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो की ई–निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से https://etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमन्त्रित किया जाता है। ई–निविदा अभिलेख वेबसाईट पर दिनांक 29.01.2026 से 21.02.2026 अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्राप्त निविदाए दिनांक 21.02.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक खोली जायेगी। ई–निविदा मूल्य एवं दस प्रतिशत जमानत धनराशि FDR/NSC/ऑनलाईन माध्यम से नगर पंचायत शाहपुर के खाता संख्या 6446000100091621 पंजाब नेशनल बैंक शाखा शाहपुर आईएफएससी कोड PUNB0644600 में जमा करते हुए शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाणपत्रो की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर ऑनलाईन आवेदन के साथ मूल प्रति सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में जमा कराये जायेंगें। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत शाहपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ शासन द्वारा निर्धारित 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर घोषणापत्र, आयकर, व्यापार कर व श्रम विभाग रजिस्ट्रेशन तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र व हैसियत प्रमाणपत्र ठेकेदारी के लिये पंजीकृत प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। समस्त करो आदि का दायित्व ठेकेदार का होगा। निविदा मूल्य वापस नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। ई–निविदा विवरण निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| **E-Tender Refrence** | 468/NPS/2025-26 |
| Publish Date and Time for Ref. | 29/01/2026 at 2:00 PM |
| Late Date and Time for submission of E-Bids | 21/02/2026 upto 03:00 PM |
| E-Tender Opening Date | 21/02/2026 at 04:00 PM |
| Place of Opening of E-Bid | Nagar Panchayat Shapur, Muzaffarnagar |
| E-Tender Documents Proceesing | टेण्डर मूल्य के लिए वेबसाईट पर अपलोड निविदा में देंखे **(as per List.)** |
| E-Tender निविदा शुल्क/टेंडर मूल्य | खाता संख्या– 6446000100091621 पंजाब नेशनल बैंक IFSCE CODE- PUNB0644600 |
| E-Tender Eamest mony Deposit | अर्नेष्ट मनी के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देंखे। **(as per List.)** |

नोट: नियम व शर्तो को वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**( आलोक रंजन )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शाहपुर**

**( मौ० अकरम )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शाहपुर**




# जातिगत भेदभाव करने वाले यूजीसी कानून का किया विरोध



**मुजफ्फरनगर।** वाल्मीकि क्रान्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गम्भीर ने बताया कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पी एच डी अध्यनरत छात्र रुरोहित–वेमुला की हत्या काण्ड 2016 व 2019 डाक्टर रुपायल–तनवी–मुंबई हत्या काण्ड के खिलाफ

निरंतर भारत सरकार से छात्र संगठनों और नागरिक समाज द्वारा शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए श्रोहित वेमुला एक्टश लागू करने की मांग लगातार की जा रही थी। जिस पर कमीशन ने अपने जांच मे पाया कि होस्टल, कालेजों व विश्वविद्यालयों के प्रशासन व उच्च जाति के छात्रों द्वारा दलितों पिछड़ों को भेद–भाव का सामना करना पड़ता है। और शिक्षकों व कुलपतियों के द्वारा जातिगत हिन भावना से ग्रस्त इंटरव्यू मे कम नम्बर देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा है।

उच्च जाति के वर्चस्व के कारण आरक्षित वर्ग के छात्रों को उपेक्षा और बहिष्करण का सामना करना पड़ता है। इसलिए भारत सरकार के उपक्रम ब्विविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों कालेजों मे एक कमेंटी का गठन को मंजूरी दी है जोकि विश्वविद्यालय प्रशासन पर कुलपतियों पर छात्रों पर नज़र रखेंगी कि कोई विशेष वर्ग के शिक्षक या छात्र किसी दलित पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ भेद–भाव या उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर शिक्षण संस्थानों द्वारा कहीं अनदेखी तो नहीं की जा रही है। यदि ऐसा किया जा रहा है तो कमीशन सीधे विश्वविद्यालय कालेज की मान्यता या कुलपति की सेवा समाप्त कर दण्डनात्मक कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। भारत सरकार का हम आभार प्रकट करते है कि उन्होंने दलितों पिछड़ों की वेदना पर विचार कर अत्याचार निवारण हेतु न्ळब का नया कानून लागू किया। और समानता का अधिकार दिया।

लेकिन कुछ मनुवादी यूजीसी कानून का विरोध कर रहे है। सोचना यह है कि जब ये लोग दलित पिछड़ों से हीन भावना नहीं रखते है तो नये कानून का विरोध क्यों। इसका सीधा मतलब यही है मनुवादियों की सोच आज भी नहीं बदली। इसलिए सरकार को सीजीयू का नया कानून लाना देशहित मे अति आवश्यक था।

दुर्भाग्य है देश का कि देश मे ऐसी सोच वाले लोग भी रहते है जो मुंह मे राम बगल मे झुरी यानि के एक तरफ तो कहते है हिन्दू एक हो जाओ बटोगे तो कटोगे का समर्थन करने वाले मनुवादी सीजीयू के नये कानून को काला कानून बता रहे है।मनुवादी सोच देश के लिए खतरा है। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए।

## ब्लड डोनेट कैम्प का डाक्टर अशोक कुमार ने किया उद्घाटन

**बुढाना।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एक ब्लड डोनेट कैम्प बुढाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर लगाया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित अशोका नर्सिंग होम के आनर डाक्टर अशोक कुमार ने सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया। इस दौरान यहां कैम्प में 49 लोगोंघ् ने अपनी स्वेच्छा से रक्त का दान किया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका पंकज शर्मा व पुत्रवधू वैशाली गलत व्यवहार किये जाने के कारण माता–पिता के साथ मारपीट व गाली–गलौच किये जाने के कारण मैने इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से व समस्त रिश्ते से बेदखल कर दिया है। ये हम दोनों पर झूठे मुकदमे कराने की धमकी आये दिन देते रहते है। भविष्य में उनके द्वारा किया गया किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी दोनों की स्वयं की होगी।

**श्रीमति राजेश पत्नि श्री कृष्णपाल शर्मा निवासी अरिहन्त विहार, शान्तिनगर, कूकडा जिला–मुजफ्फरनगर**

**NAME CHANGE**

I HAVE Changed my name from Mamta Gupta to Mamta Mittal for all future purposes.

**Mamta Mittal W/o Sunil Kumar R/o H.N 1, Pativiyan Sarafa Bazar Kotwali Muzaffarnagar**

**सम्मन** वास्ते करारयाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5, कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर वाद सं. टी 202509550305137 सन 2025, 1. अरविन्द कुमार, 2. प्रवीन, 3. मुकेश कुमार, 4. रिंकू पुत्रगण राजपाल सिंह, निवासीगण मोरटा तहसील व जिला गाजियाबाद हाल निवासी मुबारिकपुर तहसील खतौली जिला मु. नगर, वादीगण बनाम 1. हनीफ पुत्र इब्राहिम, 2. खैरूनिशा पत्नी सलीम, 3. भूरा पुत्र इब्राहिम, 4. सलीम पुत्र इब्राहिम, निवासीगण हजूरनगर परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु. नगर प्रतिवादी अपील अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. मौजा– हजूरनगर मे दायरा की में लिहाजा आपको हुकम होता है आप बतारीख 20 जनवरी सन 2026 ई. वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमे हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 29 जनवरी सन 2026 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी बुढ़ाना**
**( मु.नगर )**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 2788/07.03.08 मे गलती से पुत्री का नाम अविका अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम अविका मित्तल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**कुमार मित्तल**
**51 वसुंधरा रेजिडेंसी,**
**मुजफ्फरनगर**

**खोया पाया सूचना**

मैं आदित्य कुशवाहा पुत्र कुलदीप सिंह निवासी दुर्गनपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर यूपी का निवासी हूं। मैंने हाईस्कूल परीक्षा सन 2019 में जिसमें मेरा अनुक्रमांक 0433307 व इंटरमीडिएट परीक्षा सन 2021 में जिसमें मेरा अनुक्रमांक 215500170 है। जो मैने संस्थागत रुप से उर्तीण की है। मेरा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का सह अंक प्रमाण पत्र वास्तव में बुढ़ाना जाते हुए रास्ते में कही खो गया है। मैंने हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 में संस्थागत परीक्षार्थी के रुप में डीएन इंटर कालेज मेरठ यूपी से उत्तीर्ण की थी। मैंने इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 में संस्थागत परीक्षार्थी के रुप मे इंटर कॉलेज एलम शामली यूपी से उत्तीर्ण की थी।

**सम्मन** वास्ते करारयाद उमूर तनकीह तलब, (आर्डर 5, कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर वाद सं. टी 202509550305138, सन–2025, 1. अरविन्द कुमार, 2. प्रवीन, 3. मुकेश कुमार, 4. रिंकू पुत्रगण राजपाल सिंह, निवासीगण मोरटा तहसील व जिला गाजियाबाद हाल निवासी मुबारिकपुर तहसील खतौली जिला मु.नगर, वादीगण बनाम 1. हनीफ पुत्र इब्राहिम, 2. भूरा पुत्र इब्राहिम, 3. असमत अली पुत्र दीन मौहम्मद, 4. खैरूनिशा पत्नी सलीम, 5. सलीम पुत्र इब्राहिम, निवासीगण हजूरनगर परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर, प्रतिवादी, अपील अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. मौजा– हजूरनगर में दायरा की में लिहाजा आपको हुकम होता है आप बतारीख के जो 20 जनवरी सन 2026 ई. वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमे हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 01 सन 2026 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी बुढ़ाना**
**( मु.नगर )**

# परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गांव सौदत निवासी युवक की सऊदी अरब में मौत

## सड़क दुर्घटना में हुआ हादसा, वहीं हुआ दफीना, क्षेत्र में गम का माहौल

- रोजगार के लिए गया था अरब
- वीडियों कॉल के माध्यम से परिजनों को दिखाई गई दफन करने की प्रक्रिया
- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सौदत निवासी युवक रहबर चौधरी उम्र 26 वर्ष की सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद घटना से गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के बड़े भाई फैसल चौधरी उर्फ राहुल गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि रहबर चौधरी सऊदी अरब में रोजगार के सिल. सिले में रहकर कार्य करता था।

चार दिन पूर्व काम के दौरान एक सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बड़े भाई फैसल चौधरी के अनुसार, रहबर चौधरी का अंतिम संस्कार सऊदी अरब में ही किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 26 जनवरी 2026 को जोहर की नमाज के बाद सऊदी अरब में ही रहबर चौधरी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। वहीं, गांव सौदत स्थित उनके आवास पर दोपहर करीब 2 बजे वीडियो कॉल के माध्यम से दफन की प्रक्रिया को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया, ताकि परिजन और ग्रामीण अंतिम दर्शन कर सकें। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे मरहूम की मगफिरत के लिए सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। फैसल चौधरी ने गांव और आसपास के लोगों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर दुआ में शामिल हों और मरहूम की आत्मा की शांति के लिए दुआ करें। रहबर चौधरी के निधन से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि रहबर मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे। उनके असमय निधन से सभी को गहरा सदमा पहुंचा है।



# नगर पंचायत की पाइप लाइन फटने से मकान क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मौहल्ला गांधार दरवाजा में नगर पंचायत की टंकी का पाइप फटने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित ने नगर पंचायत से मुआवजे की मांग की है। नगर पंचायत द्वारा पाइप लाइन से नगर के ऊपरी स्थल पर बनी टंकी में पानी भरा जाता है जो रात को 12 बजे चलाई जाती है तथा सुबह के 4 बजे तक वह टंकी भरती है नगर के मोहल्ल गांधार दरवाजा निवासी कुलदीप पुत्र विक्रम सिंह ने बताया कि 23 जनवरी की रात को 12 बजे टंकी का पानी चला तो पाइप फट गया जो सुबह के 4 बजे तक फटा रहा और पानी की बर्बादी होती रही इस पानी के मकान में भरने से मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे मकान गिरने की स्थिति में आ गया सुबह उन्होंने देखकर इसकी शिकायत नगर पंचायत में की तब नगर पंचायत कर्मियों ने टंकी का पाइप सही कर दिया मगर गड्ढा अभी भी बना हुआ है उन्होंने ईओ मनोज शर्मा से शिकायत करते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# रसुलपुर धौलडी में देश भक्ति के गीत के साथ निकली तिरंगा यात्रा

## पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर रैली में हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को गणतंत्र दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें युवाओं में देशभक्ति का जोश देखने को मिला। वहीं जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में शिव मंदिर से तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा शिव मंदिर से होते हुए रसूलपुर धौलडी के मुख्य चौराहों से होते हुए नानू फतेहपुर के बाद वापस शिव मंदिर पर संपन्न हुई।

जिसमें युवाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए और देश पर मर मिटने वाले शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव राम प्रसाद, बिस्मिल, सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों को याद किया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी ने कहा कि आज की पीढ़ी में जज्बा पुराने क्रांतिकारी जैसा है। वहीं तिरंगा यात्रा में जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार एसएसआई कपिल देव पुलिस फोर्स के साथ रैली में डटे रहे, और रैली को सकुशल संपन्न कराया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर, निशांत त्यागी जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, रोहित गुर्जर, रोहित चिकारा, अमन वर्मा, रवि गोयल, अंकित, आशीष प्रजापति, ऋतिक गुर्जर व सभी गांव के युवा मौजूद रहे।

# जानी क्षेत्र में बारिश के साथ पड़े ओले, शिमला जैसा रहा नजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को मौसम ने बारिश के साथ दोबारा करवट ली। जिसमें ठंड और भी दोबारा बढ़ गई है। वहीं जानी क्षेत्र में पूरे दिन लोग घरों में कैद रहे और बारिश के साथ-साथ ओले भी पड़े जिसमें शिमला जैसा नजारा देखने को मिला और लोगों ने अपने आप को घर में कैद कर लिया यह नजारा देख सभी लोग अपने-अपने मोबाइल के कैमरे खोल वीडियो बनाने लगे और शिमला जैसा कुछ अलग मजा आया कुछ लोगों का कहना था कि जानी क्षेत्र में ही कश्मीर और शिमला जैसा नजारा फ्री में ही देखने को मिल रहा है, क्योंकि मंगलवार को पूरे दिन मेरठ व अन्य शहरों में भी बारिश और ओला की वर्षा हुई है जिससे मौसम और भी सुहावना हो गया है। बतादें कि बीते तीन दिन पहले लोगों को गर्मी का अहसास हुआ था लेकिन अचानक तेज बारिश व ओलों से मंगलवार को लोग कंपकंपाने लगे। सड़को पर लोग तब ही निकले जब उन्हे जरूरी काम दिखाई दिया। बारिश के कारण सड़को पर भी सन्नाटा दिखाई दिया।

# ऋषभ एकेडमी में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी के प्रांगण में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि अरुण कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगे को सलामी दी गई व राष्ट्रगान गाया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र जैन, विद्यालय अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव सी. ए. डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, पवन कुमार जैन, प्रधानाचार्य शरद त्यागी व उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्षा पूनम जैन व सह संच. ालन हेड गर्ल अदिति पंत व हेड बॉय रुद्रांश रस्तौगी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कोटि कोटि कंठ देशभक्ति गीत गाया गया और दुल्हन चली, जय हो व ये देश है वीर जवानों का आदि देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कक्षा 7 के युग व रत्ना ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय हरी चंद जैन की स्मृति में प्रथम एक्सीलेंस अवार्ड कक्षा 5 की छात्रा कुमारी समसिया खातून को विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। जिसमें छात्र को शील्ड, सर्टिफिकेट व 2100 रूपए की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों का अतुल्यनीय योगदान: अशोक कुमार सैनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अशोक कुमार सैनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने उपस्थित सभी व्यक्तियों को बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों का योगदान अतुल्नीय है। हमारा संविधान, विश्व इतिहास में आज तक के सबसे बड़े गणराज्य का आधार ग्रन्थ है। गणतन्त्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। इस देश की मिट्टी के हर कण में अनगिनत बलिदानों की यादें बसी है। गणतन्त्र दिवस हमें याद दिलाता है कि देशभक्ति सिर्फ जश्न या भाषणों तक सीमित नही है, यह ईमानदारी, कडी मेहनत, एकता, एक-दूसरे के प्रति सम्मान और राष्ट्र की प्रगति के लिए, योगदान देने के लिए है। उन्होंने सभी को गणतन्त्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई दी एवं अपील की है कि सभी अपने कस्बे को स्वच्छ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अपने-अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को गीले व सूखे कूड़े में अलग अलग कर निकाय सफाई वाहन में ही डालें एवं पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता विवेक कुमार सैनी ने किया। इस मौके पर अनुराधा सभासद, मुकेश सैनी सभासद, नईम अनवर सभासद, सोहनवीर सभासद, कुसुमलता बिश्नोई सभासद, रविन्द्र सैनी, सुरेन्द्र सैनी, सपा नेता मोहित तोमर, अरूण सैनी, प्रमोद कुमार सैनी, पृथ्वी सैनी, जीतू चौधरी, रणधीर सिंह फौजी, भगवान सहाय, महेन्द्र सिंह, मेघराज सैनी, डॉ. शब्बीर, राजेन्द्र भारती, दाताराम सैनी आदि रहे।

# नंगला हरेरु के फैज-ए-आम कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नंगला हरेरु स्थित फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अहतेशाम रिजवी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी बी.के. त्रिपाठी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान, नागरिक कर्तव्यों एवं देशभक्ति के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी आशा शर्मा ने महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिरुद्ध धामा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूबे सिंह, मोहम्मद आरिफ, परविंद, अब्दुल कादिर, रूबी रिजा रिजवी, फरहा खातून, अमन राव, सोनू सिंह, हिना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जे.पी. पब्लिक स्कूल पांची में 77वें गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करके समा बांध दिया।

मेरे देश के वीर जवानों का, मेरे देश की धरती सोना उगले आदि देशभक्ति गीतों पर नृत्य करके सभी दर्शकों को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। सबसे पहले पूर्व प्रधान वीरेश त्यागी, बिजेन्द्र त्यागी, जहीर खान, दुष्यंत त्यागी, दिनेश त्यागी और स्कूल प्रधानाचार्य शीतल शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजा रोहण किया। झंडा गीत के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। स्कूल के बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा कि बच्चे देश की नींव हैं। सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करके भारत को विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन इंजी. नियर सौरभ सैनी, रोहित सैनी, शिक्षक योगेश शर्मा, सागर सैनी, पिंकी, कोमल त्यागी, माहिन, इकरा और रियाजुददीन, गुलफाम सैफी आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# ऊर्जा भवन में प्रबंध निदेशक ने किया ध्वजारोहण

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- किकेट प्रतियोगिता, रस्साकसी एवं म्यूजिकल चेयर का भी हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोउल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन परिसर मेरठ के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, ध्वजारोहण के पश्चात् सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राष्ट्रीयगान गाया गया।

प्रबंध निदेशक ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि 26 जनवरी केवल एक तिथि नहीं है बल्कि वह दिन है जब भारत ने अपने संविधान को आत्मसात कर, एक समप्रभुत्व, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप मे स्वयं को स्थापित किया। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि हमे अपने जीवन में संविधान में निहित आदर्शों, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन को अपनाना चाहिए। पश्चिमांचल डिस्काम को ए+ रेटिंग प्राप्त होने पर, प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों व कर्मचारियों के योगदान की सरहाना की। उन्होनें कहा की संस्थान की प्रगति मे, सभी का सामूहिक प्रयास निहित है और आगे भी उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जाऐगें। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकारियों/ कर्मचारियों को निष्ठा की शपथ दिलाई गई, शपथ दिलाते हुये प्रबंध निदेशक ने कहा कि भारत की सार्वभौमिकता तथा सत्यनिष्ठा बनाये रखने के लिये, अपने कार्यालय के कार्य निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करें। इस अवसर पर संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), आशु कालिया निदेशक (कार्मिक एवं प्रशा.), एन.के. मिश्रा निदेशक (तकनीकी) एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त) द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। कु. आरूषि ठाकुर ने देश भक्ति गीत गाकर, श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सरहाा गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिजली बिल राहत योजना, राजस्व वसूली और विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रबन्ध निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शर्मा नगर, विक्टोरिया पार्क में किया गया, जिसका उद्घाटन प्रबन्ध निदेश द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अधिकारियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। विजेता टीम को प्रबन्ध निदेशक द्वारा पुस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नि श्रेया एवं निदेशक (का. एवं प्रबं.) की धर्मपत्नि कंचन कालिया ने अत्यन्त उत्साह के साथ भाग लिया और विजेताओं का मनोबल बढ़ाया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के पश्चात् रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन शर्मा नगर विक्टोरिया पार्क, किकेट ग्राउड मेरठ में किया गया।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि कर्नल बब्बर ने गाया राष्ट्रगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल बब्बर रहे। जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह का उत्साह दोगुना हो गया। विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सम्मान दिया।

कर्नल बब्बर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति समूहगान और छात्राओं के सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। यूकेजी की अन्वी गुप्ता व कक्षा 11 की तनिष्का सिंह ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत किए। एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे को सलामी देकर समर्पण भाव दर्शाया। क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए।




# जीटीबी में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण उप-प्रधानाचार्या, मिस प्रभा राव द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम नन्हें मुन्नों ने छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी, सुनों गौर से दुनिया वालों देशभक्ति के तरानों की सुंदर प्रस्तुति देकर आजादी के दीवानों की याद दिला दी। वह दूसरी ओर ए वतन मेरे आबाद रहे तु एवं अनेकता में एकता ये हिंद की विशेषता पर सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। एक के बाद एक देशभक्ति के तरानों को सुंदर श्रृंखला में पिरोते हुए बच्चों ने सारा वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। स्कूल उप-प्रधानाचार्या मिस प्रभा राव ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश को पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य बनाने वाले सभी महान हस्तियों के योगदान को याद दिलाया।



# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सरोजिनी अग्रवाल रहीं। जिनका स्वागत प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं उप प्रधानाचार्या मीनू कपूर ने किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा ध्वज सलामी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय परिसर देशभक्ति नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम का संदेश दिया। सामूहिक नृत्य और गीतों ने दर्शकों में जोश भर दिया। कक्षा 11 की छात्राओं अंशिका और नवनीत कौर ने प्रेरक विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में डॉ. सरा. जनी अग्रवाल ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल और प्रधानाचार्य ने सभी को शुभकामनाएं दी।



# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी घायल, तमंचा व जिंदा गाय बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना सरूरपुर पुलिस ने गौकशी की घटना को अंजाम देने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान टीम को सूचना मिली कि खिवाई के जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग गौकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी आवेश उर्फ गोला निवासी क्षेत्र के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण तथा एक जिंदा गाय बरामद की है। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने कहा कि फरार आरोपियों की तलाश में जंगल और आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है।

# द एवेन्यू पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** द एवेन्यू पब्लिक स्कूल' जी पॉकेट गंगा नगर में सोमवार को भारत का 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष रमेश कुमार सैनी ने ध्वजारोहण किया व सभी ने राष्ट्रीय गान गाया। एनसीसी कैडेट्स ने परेड करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 'उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती' सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के अध्यक्ष ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए, प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को सभी परिस्थितियों में उचित मार्ग पर चलने की ओर अग्रसर किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को लड्डू वितरित किए गए।

# रसगुल्ले में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

## इंचौली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, एसएसपी से लगाई गुहार

- पति का दोस्त था आरोपी
- काफी समय से पीड़िता को उसकी नियत पर था शक
- पीड़िता ने मेडिकल कराकर कार्रवाई की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंचौली गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही रहने वाले एक युवक पर रसगुल्ले में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया महिला ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर इंचौली पुलिस पर भी कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा।

महिला ने बताया कि उसका पति काफी समय से गांव के ही रहने वाले आरिफ के साथ टावर लगाने का काम करता है महिला ने कुछ दिन पहले अपने पति से कहा था कि आरिफ की निगाह ठीक नहीं है जिस पर पति ने कहा कि वो ऐसा नहीं है जिसके बाद महिला ने नजरअंदाज कर दिया था। महिला का आरोप है कि बीती 20 जनवरी को रात लगभग 10.30 बजे आरिफ उसके घर रसगुल्ले लेकर आया और उसे व उसके पति को रसगुल्ले खाने को कहा आरोप है कि महिला व उसके पति ने कहा कि वो सुबह खा लेंगे आरोप है कि आरिफ ने जिद करके एक रसगुल्ला महिला को खिलवा दिया और कुछ देर बाद उसके पति को बाहर ले जाकर उसे भी रसगुल्ले खिलाए। महिला का आरोप है कि कुछ देर बाद ही उसे ओर उसके पति को नशा होने लगा महिला का आरोप है कि अगले दिन दोपहर को उसे होश आया तो वो अर्धनग्न अवस्था में थी तभी उसने पति को उठाया तो वो भी नशे की हालत में था महिला ने बताया कि उसका शरीर पूरी तरह से टूटा हुआ था महिला ने कहा कि उसे अंदेशा है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। महिला ने इंचौली थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए पूरी घटना बताई आरोप है कि इंचौली पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की जिसके बाद वो एसएसपी कार्यालय पहुंची महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उसका मेडिकल कराया जाए महिला ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गुहार लगाई।


शामली नवीन कलेक्ट्रेट


शामली पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सलामी लेते डीएम व एसपी




एसपी व डीएम ने थाना प्रभारी सतीश कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# नवीन कलेक्ट्रेट और पुलिस लाइन में शान से फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शामली नवीन कलक्ट्रेट में 77वे गणतंत्र दिवस डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद कलक्ट्रेट सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कहा कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद देश को आजादी दिलाई उनको हमेशा याद रखें। इस अवसर पर एडीएम सतएन्द्र सिंह, एसडीएम विनय कुमार भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन मौजूद रहे। विकास भवन में सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद शामली में नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, ईओ विनोद सोलंकी ने ध्वजारोहण किया। शामली ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने ध्वजारोहण किया। एआरटीओ कार्यालय, डीआईओएस कार्यालय, बीएसए कार्यालय, सीएचसी शामली, जिला अस्पताल, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग, जिला प्रोबेधन कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया।

**शामली।** सोमवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित पुलिस लाईन में 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम ने ध्वजारोहण किया। एसपी ने प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी कर्मचारीगणों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सोमवार को निर्माणाधीन पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस की परेड की गई। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने परेड की सलामी ली। दोनों ने गाडी से बैठकर पुलिस लाईन परेड का निरीक्षण किया। सीओ थानाभवन जितेन्द्र कुमार ने परेड की अगुवाई करते हुए गणतंत्र दिवस की परेड का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम एसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने शहीदों के परिजनों को भी शॉल भेट कर सम्मानित किया। एसपीद पुलिसकर्मियों ने डीजीपी द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। परेड में महिला टोली को प्रथम स्थान दिया गया। पुलिस की टुकड़ियों में मोटरसाईकल, डायल 112, 112 डायल, वज्र वाहन, डॉग स्क्वाड, महिला थाना, साइबर सेल, फायर स्टेशन, वन विभाग आदि के द्वारा परेड में प्रतिभाग किया गया। परेड में पुलिस बैंड के द्वारा संपूर्ण परेड को भव्य एवम आकर्षक बनाते हुए संपूर्ण परेड में बैंड के साथ प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर एमएलसी किरणपाल कश्यप, एडीएम सतएन्द्र सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला, अंकित गोयल, अनुज गर्ग, पुनीत द्विवेदी, बीना अग्रवाल, विक्रम सिंह, पूर्व आईजी विजय गर्ग, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, शामली द्वारा उधम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक एवं बालिकाओं

शामली पुलिस लाइन






शामली खेल कार्यालय



की क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के उपरांत उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी त्यागी एवं युवा कल्याण विभाग के हिमांशु अहलावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।क्रॉस कंट्री रेस में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बालक व बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गौरव ने प्रथम स्थान, मोनू ने द्वितीय, अभिनव ने तृतीय, टिटू ने चतुर्थ, रमन ने पंचम तथा अतुल ने षष्ठ स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में गार्गी प्रथम, राधिका तोमर द्वितीय, सृष्टि तृतीय, आकांक्षा चतुर्थ, वंशिका पंचम एवं सना षष्ठ स्थान पर रहीं। अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास एवं खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के दौरान वुशु सचिव शामली आकाश चौधरी, कबड्डी कोच संजू मलिक, एथलेटिक्स कोच भूपेंद्र देव एवं कुश्ती कोच प्रशांत मलिक भी उपस्थित रहे।

**कांधला।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह एवं जिलाधिक. ारी अरविंद कुमार चौहान ने कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को उनके द्वारा किए गए सराहनीय, साहसिक एवं उत्कृष्ट पुलिस कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में कांधला थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम किया है। थाना प्रभारी ने एक लाख रूपए के इनामी कुख्यात बदमाश नफीस को मुठभेड़ में मार गिराकर क्षेत्र को अपराध के भय से मुक्त कराया। उक्त बदमाश पर हत्या, लूट, जानलेवा हमला एवं अन्य संगीन धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आधा दर्जन से अधिक शातिर अपराधियों को मुठभेड़ एवं सटीक पुलिस कार्रवाई के माध्यम से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। इतना ही नहीं, थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में घटित सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड का खुलासा भी थाना प्रभारी सतीश कुमार ने महज कुछ ही घंटों में करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से न केवल पुलिस की कार्यशैली की व्यापक सराहना हुई, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना भी और अधिक मजबूत हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सतीश कुमार जैसे जांबाज, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी ही मजबूत कानून-व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भी थाना प्रभारी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रा. ेत बताया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को सम्मानित किए जाने पर पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला, वहीं क्षेत्रवासियों ने भी कांधला पुलिस की कार्यप्रणाली और सक्रियता की खुले दिल से प्रशंसा की।

# शिक्षण संस्थाओं में हुए 77वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम








थानाभवन




**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में गणतंत्र दिवस पर चेयरमैन सुनील गोयल ने ध्वजारोहण किया। बच्चो द्वारा देशभक्ति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, लधु नाटिका, कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी। मौके पर वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, स्कूल प्रबन्धक प्रियांक गोयल मौजूद रहे। शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया। प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढाका ने ध्वजारोहण किया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस दिवस पर प्रबंधक विवेक संगल ने ध्वजारोहण किया। मौके पर गौरव संगल, प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, मलूक चन्द, संजू कुमार मौजूद रहे। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 77वें गणतंत्र दिवस पर प्रबंधक सुमित गुप्ता, दीपक कुमार, अर्जुन सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। मौके पर संजीव कुमार, कविता गुप्ता, संदीप कुमार, गीता कंबोज, अनीता मलिक, सुरभि मित्र, अमित कुमार, रवि कुमार, अमित नामदेव मौजूद रहे। सैंट आरसी कावेंट स्कूल में प्रधानाचार्य उजमा जैदी, प्रबंधक मीनू संगल ने ध्वजारोहण किया। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। अध्यक्ष चंद्र देव, गुलशन संगल, दीपक गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मौके पर सुधीर कुमार, आशीष जैन, संगीत, सोमदत्त शर्मा, प्रवेश शर्मा, राजीव कुमार, शिवकुमार धीमान आदि उपस्थित रहे। शहर के बीएसएम स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमेन सूर्यवीर सिंह व उपप्रधानाचार्या आशु पंडित ने ध्वजारोहण किया। शहर के वीवी इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संरक्षक संजय संगल, अध्यक्ष डा। पंकज गर्ग, शिव चरण संगल, प्रधानाचार्य एसके आर्य के साथ ध्वजारोहण किया। मकसूनस प्री स्कूल में देशभक्ति के उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विजय कौशिक ने ध्वजारोहण किया। शशांक अग्रवाल, सावन गर्ग मौजूद रहे। जेए नेशनल एकेडमी में उत्साह और गरिमा के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रबंधक मास्टर जाहिद ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुंवर बासित अली, विधायक अशरफ अली खघन, कुलदीप पंवार, नूर नवाज खघन, वसीम अकरम त्यागी मौजूद रहे।

**ऊन।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया सभी सरकारी एवं सरकारी स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया तहसील कार्यालय पर उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया बाद में सभागार में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिन्हें उप जिला अधिकारी व तहस. ीलदार ललिता चौधरी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया कस्बे के डीएवी इंटर कॉलेज में प्रबंधक शांतनु मित्तल प्रधानाचार्य हरविंदर सिंह ने ध्वजारोहण किया इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश मित्तल एवं कस्बे के गणमान्य लोग एवं स्टाफ मौजूद रहा। होली हेवन पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर चतुर्वेदी मलिक ने ध्वजारोहण किया बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया इस दौरान सभी कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी ने ध्वजारोहण किया।

## जेए नेशनल एकेडमी में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**थानाभवन।** जेए नेशनल एकेडमी में गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मास्टर जाहिद ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त नींव है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट 2025 के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशांक मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कुंवर बासित अली (प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा), अशरफ अली खान (विधायक, थानाभवन), हलीम इना (फोटोग्राफर, अमेरिका), कुलदीप पंवार, नूर नवाज खान, वसीम अकरम त्यागी, मोहम्मद जाबिर इंजी. नियर, अब्दुल माजिद निजामी, हाजी राव जमशेद, मास्टर आदिल खघन, मौलाना इमदादुल्लाह नदवी, नदीम चौहान, रागिब राणा, शाहनवाज राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम, शिक्षा और अनुशासन का संदेश दिया।

झिंझाना



## गणतंत्र दिवस पर दो मेधावी छात्राओं को एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति

**झिंझाना।** सेंट आर.सी. कॉन्वेंट स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार सरोहा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रमुख समाजसेवी अशोक बहादुर उपस्थित रहे। शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि, प्रबंधक सरोहा एवं प्रधानाचार्य अरविंद खैवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए विद्यालय ने गत वर्ष की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की टॉपर छात्राओं को एस. आर.एम. ट्रस्ट के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान की। कक्षा 10 की छात्रा नंदनी तथा कक्षा 12 की छात्रा उमरा खान को पचास-पचास हजार रूपए के चेक, विद्यालय प्रबंधक सरोहा एवं अशोक बहादुर द्वारा प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों जैसे नंदनी, आईना, उज्ज्वल, मनकीर्त, अनन्या, वर्तिका एवं कृष्णा आदि ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रूबी तोमर एवं जयकुमार ने किया। विद्यार्थियों की तैयारी में शिक्षिकाओं मोहिनी व नंदिता जैन का विशेष सहयोग रहा। शिक्षकों मयंक, रूबी राठी, प्रेरणा एवं रूबी मान ने भी अपनी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए प्रबंधक प्रमोद सरोहा ने कहा कि यदि कक्षा 11 में किसी अन्य स्कूल या बोर्ड का टॉपर छात्र इस विद्यालय में प्रवेश लेता है, तो उसे भी एक लाख रूपए की एक विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अरविंद खैवाल ने आयोजन की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया और सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**झिंझाना।** एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पाल चौहान, चेयरमैन डॉ. लोकेश तोमर एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुमित चौहान, भुजवीर सिंह, आकाश तोमर, अजय लाठर, सौरभ कुमार, विनय सोलंकी, चेतना शर्मा, अलका कटारिया, आदित्य कुमार, हरप्रीत कौर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**शामली।** कांग्रेसियो द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कांग्रेस पार्टी के कैम्प कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। ओमप्रक. ाश शर्मा ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत संविधान सभा द्वारा निर्मित भारत के संविधान को लागू किया गया। जिससे देश को गणराज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर वैभव गर्ग, बाबू खान, जनेश्वर प्रसाद शर्मा, ठाकुर लाखन सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गणतंत्र दिवस पर कांग्रेसियों ने ऐतिहासिक सुभाष चौक परा तिरंगा फहराया। इसके अलावा शहर के भैंसवाल स्थित कार्यालय पर पूर्व मंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार, जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने ध्वजारोहण कर देश के शहीदों को याद किया। बसपा पदाधिकारियों ने शहर के अजंता चौक स्थित बाबा साहब डा। भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण किया। जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह, राकेश पाल, सुनील जाटव, महिपाल जाटव, विनोद, विक्रांत बर्मन आदि मौजूद रहे। रालोद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, देवानंद गौड, विकास धीमान आदि मौजूद रहे।

शामली। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद शामली से आरके इंटर कॉलेज तक एक भव्य एवं प्रेरणादायक मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। मार्चपास्ट में जैन कन्या इंटर कॉलेज, हिंदू कन्या इंटर कॉलेज एवं आरके इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स तथा प्रतिभाशाली छात्राओं के बैंड दल ने सहभागिता की। छात्राओं की अनुशासित कदमताल, एकरूपता और आत्मविश्वास से भरी परेड ने यह संदेश दिया कि देश का भविष्य एक जागरूक, सशक्त और कर्तव्यनिष्ठ पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा एवं सीओ शामली अपेक्षा निंबाडिया ने छात्राओं की परेड का निरीक्षण कर उनके अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति भावना की सराहना की। इस अवसर पर डीआईओएच ऐश्वर्या जयसवाल, अमित मलिक, एसके आर्य आदि मौजूद रहे।


वृद्धाश्रम

## वृद्धाश्रम में मनाया गणतंत्र दिवस

**शामली।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय वृद्धाश्रम झिंझाना में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सीडीओ द्वारा ध्वजारोहण कर उपस्थितजनों के साथ राष्ट्रगान गाने से हुई। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत 45 वृद्धजनों को भोजन, फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था, जिसके साथ ही हमारा देश एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का अधिकार दिया है, साथ ही हमें देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का कर्तव्य भी सौंपा है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी निराश्रित वृद्धजन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निवास कर सकता है। विभाग की ओर से वृद्धजनों को निशुल्क आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा, वस्त्र एवं वृद्धावस्था पेंशन जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

## डी-सैंट पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का उल्लास

**झिंझाना।** डी-सैंट पब्लिक स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आर.पी. सिंह द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष तोमर की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक झांकियों, नृत्य नाटिकाओं एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों के माध्यम से देशप्रेम व राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेताओं के जीवन परिचय तथा नारी सशक्तिकरण से जुड़ी प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गईं। कक्षा 8 की छात्रा सगन दीप कौर को सर्वश्रेष्ठ अनुशासित छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधक आर।पी। सिंह ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं राष्ट्रधर्म का पालन करने की प्रेरणा दी।

# जिलेभर में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस











**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खानआलमपुरा में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों के साथ पूर्व लोकसभा प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय के अलावा अन्य अब्बासी समाज के इरफान अब्बासी, जमीर अब्बासी, गुलबहार अब्बासी, आबाद अब्बासी के प्रतिनिधि, रिजवान अब्बासी, शाहिद अब्बासी, आसिफ अब्बासी, नदीम अब्बासी, जुल्फान अब्बासी, जब्बार अब्बासी, हारून अब्बासी, अफजल अब्बासी, फुरकान अब्बासी, आशु, वसीम अब्बासी, मोनू अब्बासी व निसार सहित अनेक प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

आज धार्मिक एकता ट्रस्ट कार्यालय पर महानगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने ध्वजारोहण किया। जिला अध्यक्ष अमित राठौर भारतीय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया हुआ माल्यार्पण की एक्स्ट्रा ट्रस्ट जिला महासचिव सुनील राठौर भारती, धर्म के कटरा जिला सचिव अनिकेत भारतीय, नेभी सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इसी के साथ के कई शौकत अली, धर्मपाल जोशी, कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी हरिओम मिश्रा, सौरभ भारद्वाज, विजय शर्मा, विपिन कांत शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, घनश्याम , जमाल अहमद, राहुल तोमर, तरुण, मंडल अध्यक्ष संजय यादव आदि साथी मौजूद रहे।

आज गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मौ.खालिद के यहाँ ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर गुलबहार प्रधान चौ. रगिब हसन, साजिद चौधरी, फरहाद (सुक्कू), फैसल दीवान, राजनेश मास्टर, बाबर, फेंसी नर्सरी, हफीज भाई, सोनू, साबिर भाई सहित सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

**गागलहेडी।** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव एडवोकेट नियाज हुसैन ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर शुभकामनाएं दीं।

नियाज हुसैन ने बताया कि गणतंत्र दिवस हर भारतीय के लिए खुशी और संविधान के प्रति कर्तव्य को याद दिलाने वाला दिन है क्योंकि इसी दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। नियाज ने गणतंत्र दिवस के मौके पर कहा कि जो पार्टी संविधान में अपना अटूट विश्वास रखती है वो आम आदमी पार्टी है इसीलिए वो दिन दूर नहीं जब पूरे देश में आम आदमी पार्टी ही दिखेगी और कहा कि गणतंत्र दिवस के इस खास अवसर पर एक बार फिर से हर भारतीय को संविधान की रक्षा करने का प्रण लेना चाहिए। साथ ही इस खास अवसर पर नियाज हुसैन ने सभी देशवासियों से भाई चारे के साथ रहने की अपील की।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस का पर्व क्षेत्र बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर सरकारी एवं अर्धसरकारी भवानी पर तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी गई। शिक्षण संस्थाओं मे राष्ट भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नगर पंचायत बेहट कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और देश की एकता, अखंडता व संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर सभासद पति अब्दुल मालिक, आरिफ मंसूर, बंटी शर्मा, अवनीश अग्रवाल, सत्य प्रकाश, हेमंत जैन, वज्जू पीरजादा, वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश, हिदायत चौधरी, इरशाद, इंतजार, फैसल मिर्जा सहित समस्त नगर पंचायत स्टाफ व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

बेहट तहसील मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बेहट मानवेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार नायब तहसीलदार देवेंद्र प्रजापति, भूपेंद्र सिंह व्यापारी नेता अवनीश अग्रवाल, संजीव कर्णवाल, समाजसेवी अहमद काजमी सहित राजस्व व प्रशासनिक विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कोतवाली बेहट परिसर मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने राष्ट्रीय तिरंगा लहराया गया। कार्यक्रम के बाद अच्छे कार्य करने वाले विशाल कुमार को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनता इंटर कालेज मे प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चन्द्र सागर प्रबंधक अजय जैन ने,धर्म सिंह जगदीश सिंह डिग्री कालेज फतेहपुर मे प्राचार्य डॉक्टर विनय चौहान ने, ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास ने ब्लाक साढ़ोली कदीम मुख्यालय पर ध्वजा रोहण किया गया। ब्लाक परिसर मुख्यालय पर बीडीओ योगेन्द्र कुमार ने तिरंगा फहराया। गांधी चौक मे व वरिष्ठ युवा नेता संजीव कर्णवाल ने, ग साढ़ोली कदीम पंचायत सचिवालय पर ग्राम प्रधान शेखर राणा ने ध्वजा रोहण किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**नागल।** 77 वां गणतंत्र दिवस क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश की एकता अखंडता का संकल्प लिया गया।

जिला पंचायत कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर मुख्य अधिकारी चन्द्र वीर सिंह, कुलवंत सिह,मुकेश कुमार, सतेंद्र कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी,नरेंद्र सिंह, पपिन चौधरी,रामेंद्र राणा,अमरदीप, विनोद कुमार, विक्रम सिंह, जगमाल सिंह, श्रीकांत, वेदपाल, राहुल, ईशांत चौधरी, नीटू सिंह, पंकज कश्यप सहित जिला पंचायत सदस्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ द्वारा ध्वज फहराया गया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें शबाना, तनुष्का , वंश , तरनजीत, हम्माद, समीर, रिया, आयुषी, राधिका, मुस्कान, प्रियांशी, वर्षा, मुफीद, अक्षत,अनमोल, रहमान, मरहबा, मदीहा, अरबाज ,आबाद, आशीष, मोहित, फैजान, जुनेद शामिल रहे। सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ व प्राचार्य अंजू वालिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देशभक्त क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,डॉ. कमल कृष्णन आदि उपस्थित रहे।

सोफिया इंटरनेशनल स्कूल मे प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी एवं को-ऑर्डिनेटर श्रीमती अर्पिता विजान द्वारा ध्वज फहराया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक देशभक्ति गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर राजेश कुमार, केशव अग्रवाल, श्रीमती किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, वंदना, निधि, शगुन, हेमा, पारुल, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, शिवानी, सोनिया, शिवांशु, रमन, अजय, सौरभ, अभिषेक, दलजीत, प्रदीप, रोहित, पूजा आदि उपस्थित रहे।

महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन बडूली में पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, चेयरमैन मतलूब अहमद, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारीक मलिक ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार, नरेश चौधरी, सलीम प्रधान, नौशाद चेयरमैन, वासिल मलिक आदि उपस्थित रहे।

सब्जी मंडी मे सहकारी समिति के चेयरमैन मानसिंह सैनी, बबलू सिद्दीकी, कपिल डावर ने ध्वज फहराया । मुख्य रूप से संजीव कश्यप, मोनू सैनी,नौशाद अली,मोहम्मद तालिब, रहीस, सोनू, मंगत राम, बीरसिंह, धनीराम, अदित, अनस सिद्दकी, गौरव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कार्यालय बढेडी कोली, उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय नंबर दो मे ग्राम प्रधान संतोष देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, बिरमपाल सिंह, शफीक अहमद ठेकेदार ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पारितोषिक के रूप मे ग्राम प्रधान संतोष देवी व शफीक अहमद ने ग्यारह सौ, ग्यारह सौ रुपए देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य रूप से श्रीपाल धीमान, राशिद अली,बबीता,राकेश पहलवान, यास्मीन सिद्दकी, डा सोनू आदि उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी अधीक्षक डा नितिन कुमार द्वारा झंडा फहराया गया। मुख्य रूप से सूरज सिंह, कमल सिंह राणा सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज मे प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी व वरिष्ठ शिक्षक मेमपाल शर्मा ने ध्वज फहराया। नैशनल मॉडल इंटर कॉलेज में प्रबंधक वत्सराज त्यागी स्वाधीन ने ध्वज फहराया। स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में प्रधानाचार्य देवेन्द्र धवलहार ने ध्वज फहराकर छात्र छात्राओ मे देश प्रेम का जज्बा भरने वाला संबोधन किया।

मदरसा इस्लामिया अरबिया तालिमुल इस्लाम पांडौली में प्रधानाचार्य मसरूर आलम ने झंडा फहराया। मुख्य रूप से सादिया,सानिया नौमान, परवेज मलिक, कारी हुसैन, अक्सा आदि मौजूद रहे।

थाना परिसर मे थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर सह भोज का आयोजन किया गया जिसमे समस्त स्टाफ के साथ साथ, पत्रकारों, गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

शहीद कैलाश गैस सेवा ऐजेंसी पर भाकियू चढूनी के प्रदेश महासचिव प्रियदीप त्यागी,सेवानिवृत्त सैनिक राधेश्याम भट्ट ने ध्वज फहराया । करगिल शहीद कैलाश भट्ट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के शहीदों को याद किया गया।

**नानौता।** नगर पंचायत कार्यालय में चौयरमेन रूमाना खान व अफजाल खान ने ध्वजारोहण किया थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी ने ध्वजारोहण किया किसान सेवक इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा. प्रवीण मिश्रा चैयरमेन रूमाना खान, वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत राणा, एनसी शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। बसपा नेता जगपाल सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। श्रीरामकृष्ण इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रितु शर्मा व प्रबंधक मनोज शर्मा, ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खान, रेडिएंट पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अनुज कुमार सैनी, राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रविंद्र सिंह तथा हुकुम सिंह डिग्री कॉलेज में ठाकुर राज प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कियाघ। नगर में चौयरमेन पति अफजाल खान द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। किसान यूनियन टिकैत द्वारा ब्लाक अध्यक्ष सुचित चौधरी के नेतृत्व में ट्रेक्टर रैली निकाली गई रैली गंगोह मार्ग स्थित रूहाडा से शुरू होकर चीनी मिल पर जाकर संपन्न हुई इस अवसर पर भारी संख्या में किसान अपने ट्रेक्टर लेकर रैली में शामिल हुए।

**नकुड़।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर में देशभक्ति और एकता का भव्य संदेश देखने को मिला। नगर पालिका परिषद द्वारा बस स्टैंड परिसर में स्थापित 111 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज का जिलाधिकारी मनीष कुमार बंसल ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक और सामाजिक संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था एलजीएम इंटर कॉलेज में प्रबंधक सरस गोयल, अध्यक्ष शिवचरण शर्मा एवं प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिकाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने ध्वज फहराया। पूर्व पालिकाध्यक्ष शाहनवाज खान ने अपने कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण करते हुए देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया। शहीद अशफाक उल्ला खां चौक पर पूर्व चेयरमैन खालिद खान एवं उनके पुत्र साहिल खान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने अपने संबोधन में आपसी भाईचारा बनाए रखने और असामाजिक तत्वों के मंसूबों को कभी सफल न होने देने पर जोर दिया।

मदरसा जामिया रहीमिया में सभासद पति हाजी दिलशाद कुरैशी, हाजी याकूब कुरैशी एवं मौलाना इफ्तिखार कघसमी ने ध्वजारोहण किया। मौलाना हुसैन अहमद मदनी चौक पर पूर्व सभासद एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि याकघ्ूब निजामी, बसपा नेता डॉ. इस्लाम जर्राहा, जगपाल सिंह, हाफिज शाहिद और इरफान काला ने ध्वजारोहण करते हुए अंग्रेजों के खिलाफ चलाई गई ऐतिहा. सिक 'रेशमी रुमाल आंदोलन' पर प्रकाश डाला। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोतवाली परिसर, मदरसा इस्लामिया रशीदिया, मदरसा मजहरुल उलूम, मदरसा हिफ्जुल कघ्ुरआन, आरएन टैगोर विद्यालय सहित अन्य संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बस स्टैंड पर 111 फीट राष्ट्रीय ध्वज के उद्घाटन अवसर पर पालिकाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता के आमंत्रण पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक मुकेश चौधरी, ब्लॉक




प्रमुख सुभाष चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, एसडीएम सुरेंद्र कुमार, पीसीएस अधिशासी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी रूचि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**छुटमलपुर।** सोमवार को 77 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर थाना फतेहपुर परिसर में थाना प्रभारी विनय शर्मा ने ध्वजारोहण किया। तेजतर्रार हैंड कांस्टेबल आशु चौधरी ने देशभक्ति पर एक मधुर गीत भी गाया सहकर्मी के मुख से देशभक्ति के गीत को सुनकर समस्त स्टाफ ने वाही वाही करते हुए तालियां बजाई। इस अवसर पर थाना प्रभारी विनय शर्मा एसएसआई भूपेन्द्र शर्मा चमारी खेड़ा चौकी इंचार्ज अमित सोनी उपनिरीक्षक विजय पाल सिंह उपनिरीक्षक विपिन चौधरी उपनिरीक्षक सजल कुमार महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर महिला हैड कांस्टेबल बबीता महिला हैंड कांस्टेबल नीरज महिला कांस्टेबल प्रीति हैंड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद हैड कांस्टेबल प्रशांत कुमार हैंड कांस्टेबल आशु चौधरी हेड कांस्टेबल विपिन पाठक हेड कांस्टेबल गौरव कांस्टेबल शमशेर अली पीसी रमेश राणा होमगार्ड जवान अरुण कुमार होमगार्ड सुधीर कुमार सहित थाने का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**चिलकाना।** थाना प्रांगण, नगर पंचायत कार्यालय, जे जे इंटर कॉलेज सुलतानपुर, सरदार पटेल इंटर कॉलेज पटनी, नव जनोदय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, ब्राईट होम नेशनल पब्लिक स्कूल, ए ड़ी मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल चिलकाना व कातला, मदरसा तालीमुल कुरआन चिलकाना व मदरसा कासिमुल उलूम आदि में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया।

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने ऐसा संविधान दिया है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में नहीं है। क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था एकता पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गई।स्कूल के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य जाहिद हसन ने कहा कि हम दोनों राष्ट्रीय पर्वों को धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाते हैं ताकि बच्चों में बचपन से देश और समाज के प्रति भावनात्मक जुड़ाव हो सके।

इस दौरान काजी नदीमुल हक, विनोद तेजियान, आबिद हसन, खलील अहमद, आस मोहम्मद सैफी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैत ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर/ बिहारीगढ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू टिकैत) ने नगर में देशभक्ति की लहर फैलाते हुए एक भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा युवा जिला अध्यक्ष नदीम अंसारी के कार्यालय से शुरू होकर फतेहपुर डाक बंगले तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने अपने ट्रैक्टरों पर सवार होकर उत्साहपूर्ण भागीदारी की

यात्रा की शुरुआत युवा जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी के कार्यालय परिसर से हुई।यात्रा में भारी संख्या में किसान शामिल हुए प्रमुख पदाधिकारियों में मास्टर रघुवीर सिंह (पश्चिम प्रदेश प्रवक्ता) सोनवीर चौधरी मनोज चौधरी रामवीर चौधरी नदीम अंसारी (युवा जिला अध्यक्ष) सचिन चौधरी (युवा जिला उपाध्यक्ष) विपिन सैनी (युवा जिला महासचिव) करण यादव मास्टर शहजाद अंसारी अंशुल सैनी नितिन सैनी केहर सिंह, साहीब अंसारी और आमिर आदि मौजूद रहे।

**बिहारीगढ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तत्वावधान में क्षेत्र बिहारीगढ़ में भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गाँव सुंदरपुर से प्रारंभ होकर कस्बा बिहारीगढ़ स्थित रविदास मंदिर तक निकाली गई।

ब्लॉक अध्यक्ष उगेश काम्बोज के नेतृत्व में सुंदरपुर स्थित राजकुमार राणा के कार्यालय से सैकड़ों किसानों ने अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। ब्लॉक उपाध्यक्ष उगेश काम्बोज ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाए बिना और खेत-खलिहानों व गांवों का चहुंमुखी विकास किए बिना विकसित भारत की कल्पना संभव नहीं है।

तिरंगा यात्रा के समापन पर कस्बा बिहारीगढ़ के रविदास मंदिर पहुंचकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं का छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन थाना बिहारीगढ उपनिरिक्षक हवन सिंह को सौंपा। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से उगेश काम्बोज, राजकुमार राणा, रणधीर सैनी, सचिन राणा, विवेक काम्बोज,दिलशाद मलिक, अमित धीमान, बिरम राठौर, राजबीर सिंह, रहमान सहित सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 300 बच्चों को जैकेट वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** लायंस क्लब ने एक भावुक और सामाजिक सराहनीय पहल के तहत अपनी पूर्व लायन सदस्य स्वर्गीय श्रीमति सोनिया चौधरी की स्मृति में ग्राम भोगपुर (गोकुलपुर), मुजफ्फराबाद में प्राथमिक विद्यालयों के 300 छात्र छात्राओं को सर्दियों के लिए जैकेट वितरित किए यह कार्यक्रम लायंस क्लब छुटमलपुर एवं लायन गुरदीप सिंह जी के सौजन्य से आयोजित किया गया

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि श्रीमती वन्दना वर्मा माननीय सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद सहारनपुर मुजफ्फरनगर शामली क्षेत्र) ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मानवेंद्र सिंह (उप जिला अधिकारी बेहट, जिला और कुमारी कोमल बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने अपने कर कमलों से बच्चों को जैकेट पहनाए और इस नेक कार्य की सराहना की

इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे जिनमें क्लब अध्यक्ष लायन सतीश राठौर, प्रोग्राम चेयरमैन लायन गुरदीप सिंह लायन डॉ. दीपक ठक्कर, लायनमेजर डॉ. मोलक राम चौधरी, लायन नरेश खुराना, लायन राज बीर सिंह, लायन मुकेश सैनी, लायन भगत सिंह आदि शामिल थे

इसके अलावा ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति जैसे वीरेंद्र शर्मा राव फजलुर रहमान, प्रधान भूप सिंह, नवल किशोर कंबोज नितिन ऊषा देवी सहित लगभग 100 ग्रामवासी भी कार्यक्रम में शामिल हुए यह आयोजन न केवल बच्चों को सर्दी से बचाव प्रदान करता है, बल्कि शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है स्वर्गीय सोनिया चौधरी की स्मृति में किया गया यह कार्य स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत बना लायंस क्लब छूटमलपुर के ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनुराग शर्मा को गलत आदतों व गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सतीश कुमार शर्मा पुत्र श्री जयसिंह शर्मा निवासी म.नं. 6/6108 प्रज्ञा चौक, विष्णुधाम न्यू माधव नगर, थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पति अनुराग शर्मा पुत्र सतीश कुमार शर्मा को गलत आदतों व गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति नेहा शर्मा पुत्री श्री सुरेन्द्रपाल शर्मा पत्नि अनुराग शर्मा निवासी म.नं. 6/6108 प्रज्ञा चौक, विष्णुधाम न्यू माधव नगर, थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।**


## स्वास्थ्य जागरूक को निकाली गई नगर में साईकिल रैली



**सहारनपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सन्देश देने के लिए साइकिल मोटिवेशन ऑफ इंडिया द्वारा साइकिल रैली निकाली गई।

रैली का शुभारम्भ संस्थापक प्रेम सिंह, राकेश ठाकुर, अरविन्द मालिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली हसनपुर चौक से रैली शुरू होक कोर्ट रोड, घंटाघर, शहीदगंज चौक, भारत माता चौक, जेल चुंगी, अस्पताल चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट पर संपन्न हुई। साइकिल मोटिवेशन के संस्थापक प्रेम सिंह द्वारा साइकिल को अपने दैनिक कार्यो में ज्यादा से ज्यादा अपनाने व स्वास्थ्य और प्रदूषण के बचाव के लिए साइकिल चलाने का सन्देश दिया गया,। इस दौरान राकेश सिंह, अरविन्द मलिक, पंकज कुमार, शबाना खान, रवि, अमित, आदर्श, सतीश, शगुन, आयुषी, अनमोल तोमर, वीर, आंचल, काजल, खुशी, इशिका, संतोषी, विकास उपस्थित रहे।

**गंगोह।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एचआर इण्टर कालेज के स्काउट, एनसीसी केडिट और एनएनएस स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी निकाली। जबकि नामदेव पब्लिक स्कूल द्वारा सेना के शौर्य और राजपथ रैली निकाली। कार्यक्रम में भव्य परेड, रैलियों और विचारोत्तेजक भाषणों ने उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का संचार कर दिया। स्कूल बैंड की धुन पर तीनो सेनाओ में शुशोभित बच्चे, स्टाफ और छात्रों ने मार्च किया।

# पालिका बोर्ड में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पालिका बोर्ड बैठक में विकास संबंधी सभी प्रस्ताव पारित किये जाने के साथ ही अगस्त से लेकर दिसंबर 2025 तक का आय व्यय का विवरण सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। साथ ही आगामी श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मेला कमेटी का गठन करते हुए सभासद विपिन त्यागी को मेला चेयरमैन नियुक्त किया गया।





पालिका सभागार में पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पालिका कार्यालय का सौन्दर्यकरण मदरसा असगरिया बाईपास तिराहे से लेकर मौहल्ला खानकाह तक बने फुटपाथ का सौन्दर्यकरण कराये जाने सहित नल कूपों स्थित जनरेटरों की सर्विस व लाईनमैनों की सुरक्षा की दृष्टि से टूलकिटों व प्रिंटर व इन्वर्रटर आदि क्रय किये जाने सहित विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यो के एस्टीमेट के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए।

बोर्ड बैठक में नगर के आवासीय व अनावासीय भवनों के परिसरों का डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के लिए यूजर चार्जिज (स्वच्छता शुल्क) लागू किए जाने के लिए भी कमेटी बनाई गई। इसमे सभासद मनोज सिंघल, महक चौहान, मोहम्मद वाजिद, अख्तर अंसारी व हारिस सैय्यद को शामिल किया गया।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई। जिसमें सभासद विपिन त्यागी को मेला चेयरमैन नियुक्त किया गया। जबकि सभासद कुलदीप सैनी, इकबाल अंसारी, बिलकीस व अफशा लियाकत को कमेटी का सदस्य चुना गया।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी मेला पश्चिमी उत्तर प्रदेश का धार्मिक, ऐतिहासिक व प्रसिद्ध मेला है। इस वर्ष भी मेला गरिमापूर्ण, आकर्षक, भव्य एवं सुंदर रूप से लगवाया जाएगा। बैठक में अधिशासी अधिकारी राजपति बैस के अलावा सभी वार्ड सभासद शामिल रहे।

# यूजीसी कानून के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** यूजीसी के विरोध को लेकर सवर्ण समाज ने धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने की घोषणा की है। उधर, क्षेत्रीय करणी सेना ने भी यूजीसी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया।

देवी कुंड हनुमान धाम मंदिर में आयोजित बैठक में यूजीसी के विरोध को लेकर देवबंद में भी 29 जनवरी को देवीकुंड के मैदान में धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की गई। इस दौरान रोहित कौशिक ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक ही सीमित रह गई है। कहा कि अब सरकार मंदिर मठ और सामाजिक संस्थाओं में हस्तक्षेप कर स्वर्ण समाज को कमजोर करने की नीति अपना रही है। रोहित कौशिक ने सरकार पर जन भावनाओं से ध्यान भटकने की रणनीति अपनाने का आरोप गलाया। कहा कि अब सामान्य समाज अब जागरुक हो चुका और अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को तैयार है। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यूजीसी का कानून वापस नहीं लिया गया तो पूरे देश में जनआंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदार सराकर होगी। उधर, क्षेत्रीय करणी सेना ने मंगलवार को राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में यूजीसी कानून को भेदभाव बढ़ाने और छात्रो में वैमनस्य पैदा करने एवं स्वर्ण समाज के छात्रो को प्रडताड़ित करने वाला बताया। क्षेत्रीय करणी सेना के मंडल संयोजक एवं जिला अध्यक्ष ठा. सुरेंद्र पाल के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम को दिए ज्ञापन में कानून को वोट बैंक साधन का आरोप लगाया। कहा कि यूजीसी के कानून के लागू होने से स्वर्ण जाति के छात्रो में हमेशा दबाव बना रहेगा। इतना ही नहीं वह झूठी शिकायतों पर पढ़ाई छोड़ सफाई देने में ही लगा रहेगा। कहा कि स्वर्ण जाति पहले से ही आरक्षण के भेदभाव से जूझ रही है लेकिन अब नई कहानी से स्वर्ण जाति को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने सरकार से उक्त कानून को वापिस लेने की मांग की। इस दौरान देवराणा, सोनू राणा, सकट सिंह राणा और ज्ञान सिंह पुंडीर सहित अन्य शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया गया नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस

**देवबन्द।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस्लामिक शिक्षण संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।







एसडीएम कार्यालय परिसर में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह व कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने ध्वजारोहण किया। नगर पालिका में चेयरमैन विपिन गर्ग झंडा फहराया। सहकारी गन्ना समिति में चेयरमैन चौधरी उपेंद्र सिंह और खंड विकास कार्यालय में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी ने ध्वजारोहण किया। जामिया तिब्बिया देवबंद में डा. अनवर सईद व अख्तर सईद, इस्लामिया डिग्री कालेज में चेयरमैन डा. अजीमुल हक, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में चेयरमैन साद सिद्दीकी व अहमद सिद्दीकी ने ध्वजारोहण किया। केएल जनता इण्टर कॉलेज में प्रबंधक दीपक राज सिंघल, दून हिल्स एकेडमी में डा. प्रदीप वर्मा व तनुराज वर्मा ने झंडा फहराया। दून वैली पब्लिक स्कूल में चेयरमैन राजकिशोर व प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, मेपल्स एकेडमी में प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी, नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य फौजिया खान ने ध्वजारोहण किया। आईआईएचटी पैरामेडिकल कॉलेज में डॉ. कुलदीप राणा, आरके पब्लिक स्कूल में राजेश चौहान ने झंडा फहराया। इस्लामिया इण्टर कॉलेज में प्रबंधक रिजवानुल हक, सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य रूपेश सैनी व श्री रामकृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज में प्रबंधक एवं महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरी व प्रधानाचार्य अरुण गोयल, आइडियल पब्लिक स्कूल में भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता व स्कूल प्रबंधक मोहम्मद शाहनवाज ने ध्वजारोहण किया। एमएम पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापिका इफ्फत फातमा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। जामियातुल कुदसियात शिक्षण समिति सचिव कारी आमिर उस्मानी ने झण्डा फहराया व मदरसा जामिया तुश शेख अल हुसैन में मोहतमिम मौलाना मुजम्मिल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मदरसा छात्रों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

देवबंद। विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम देवबंद में गणतंत्रता दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मस्जिद रशीद के सामने स्थित मैदान में जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। छात्रों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इस दौरान आयोजित हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश की आजादी में उलेमा के योगदान पर प्रकाश डाला गया।






शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देशभक्ति के वातावरण में मनाया गणतंत्र दिवस



**देवबंद।** देवबंद धनवंतरी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट जीटी रोड देव. बंद में 26 जनवरी 2026 को 77 वा गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया इस अवसर पर इंस्टिट्यूट परिसर को तिरंगे के रंगों झंडियो एवं आकर्षक सजावट से भव्य रूप से सजाया गया कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन राजदार हुसैन ने विधिवत ध्वजारोहण के साथ हुई इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत,भाषण, कविता पाठ, नाटय प्रस्तुतियों ने सभी को भाव विभोर कर दिया इस अवसर पर अध्यक्ष राजदार हुसैन ने कहा कि संविधान हमें स्वतंत्रता न्याय और अधिकार देने के साथ ही कर्तव्यों का बोध कराता है उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण भाव ही राष्ट्र सेवा है प्रधानाचार्य डॉक्टर कुलदीप जैन ने कहा कि आज का दिन हमें लोकतंत्र समानता एवं सामाजिकता न्याय के मूल्य को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है इस अवसर पर सभी शिक्षक गण, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# द एसडी पब्लिक में मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार द. एस डी पब्लिक विद्यालय में देश के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि मती आकांक्षा कुमार जी व कार्तिक स्वरूप जी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी ने ध्वज फहराने के साथ किया। ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रगान की ध्वनि से सभी का मन झंकृत हो उठा। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां एक ओर श ए वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू श समूहगान व श गुनग. ुनाओ भारत राग श नृत्य प्रस्तुति सभी के मन को देशभक्ति की धाराओं से पवित्र कर रही थी वहीं दूसरी ओर विद्यालय द्वारा आयोजित भजन प्रतियोगिता के भजन संपूर्ण वातावरण को आध्यात्म से परिपूर्ण कर रहे थे। मुख्यातिथि श्रीमती आकांक्षा कुमार जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना जी ने सभी बच्चों की प्रस्तुतियों व उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का उत्साह केवल उनके कौशल को ही प्रस्तुत नहीं करता अपितु देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक भी प्रस्तुत करता है और देश का उज्ज्वल भविष्य उनके सर्वांगीण विकास पर निर्भर है।




उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम यह न सोचें कि देश ने हमारे लिए क्या किया बल्कि हम स्वयं से यह पूछें कि हमने देश के लिए क्या किया। इसमें ही सबका विकास निहित है।

**NAME CHANGE**
I RITA SINGH W/O VIKAS RANA R/O KASHIPUR, KANSHIPUR, PO. BHABSI DIST. SAHARANPUR (U.P) 247452.
HAVE CHANGED MY NAME REETA SINGH FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I RAJENDRA SINGH S/O BAINI SINGH R/O H.No. 195, KASHIPUR, KANSHIPUR, P.O. BHABSI DIST. SAHARANPUR (U.P) 247452
HAVE CHANGED MY NAME RAJENDERA SINGH FOR ALL PURPOSE.

**कार्यालय ग्राम पंचायत नन्दनपुर विकास खण्ड नागल जिला सहारनपुर**

पत्रांक: केंद्रीय/राज्य वित्त आयोग/2025-26

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय/राज्य वित्त के अंतर्गत ग्राम पंचायत नन्दनपुर में निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा दिनांक 28/01/2026 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत के टैण्डर बॉक्स में डाली जाएगी, जो दिनांक 30/01/2026 के अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी निविदा को बिना बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत नन्दनपुर में माता के स्थान पर चारदीवारी व सीसी निर्माण कार्य | केंद्रीय राज्य वित्त | 439833 | 8800 | 250 | 7 माह |

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत नन्दनपुर**
**वि०ख०-नागल, जिला सहारनपुर**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नन्दनपुर**
**वि०ख०-नागल, जिला सहारनपुर**

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**खतौली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर सीमा जैन जी की अध्यक्षता में कल्चर क्लब के द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें छात्राओं द्वारा वंदे मातरम ,भाषण, देशभक्ति, एकल गीत, समूह गीत, नृत्य, आदि की प्रस्तुति दी गई इस शुभ अवसर पर समस्त प्रबंध समिति उपस्थित रही एवं उनके आशीर्वचन द्वारा छात्राओं को देश प्रेम की भावना से परिपूर्ण संदेश दिया गया कार्यक्रम में संपूर्ण महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा एवं महाविद्यालय में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।



# समस्याओं को लेकर किसानों ने निकाला मार्च



**शामली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर ट्रेक्टर मार्च निकाला गया। जो शहर के नवीन मंडी से प्रारंभ होकर शामली तहसील तक पहुंचा। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

सोमवार को 77वे गणमंत्र दिवस के अवसर पर भाकियू पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में किसान शहर के नवीन मंडी गेट पर एकत्रित हुए। जहां से उन्होने ट्रेक्टर मार्च निकाली, जो माजरा रोड, टंकी रोड, गुरूद्वारा तिरहा, एसटी तिराहा से होता हुआ शामली तहसील जाकर संपन्न हुआ। भाकियू नेता जावेद तोमर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार में किसानों का शोषण हो रहा है। गन्ना का लागत मूल्य के अनुसार गन्ना मूल्य में वृद्धि नही की गई। विद्युत विभाग द्वारा किसानों पर लगातार मुकदमे दर्ज किए जा रहे है। आवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है।

उन्होने मांग की कि एमएसपी की गारंटी दी जाए। उन्होने किसान की परेशानियों को देखते हुए प्रत्एक वर्ष गणतंत्र दिवस पर ट्रेक्टर मार्च निकालने का आहवान किया गया। इस अवसर पर अमरदीप लाठियान, उपेंद्र मुखिया, बबलू, डा। उदयवीर, आशीष चौधरी, मोहित शर्मा, योगेन्द्र पंवार, अक्षु, शुभम, धर्मेंद्र, उपेंद्र, जयवीर, विपिन सिंघम आदि मौजूद रहे।

## यूजीसी बिल के खिलाफ आक्रोश



**शामली।** प्रस्तावित यूजीसी बिल 2026 को लेकर भारतीय किसान यूनियन सेवक (अ) ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी शामली को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आशंका जताई कि यह बिल शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव को बढ़ावा दे सकता है, जिससे सामाजिक समानता के मूल सिद्धांत और विद्यार्थियों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।ज्ञापन के माध्यम से युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत राणा सहित संगठन के दर्जनों पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि बिल की विवादित धाराओं पर गंभीरता से पुनर्विचार किया जाए। उनका कहना था कि शिक्षा का उद्देश्य हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना है, लेकिन प्रस्तावित प्रावधान इस लक्ष्य के विपरीत प्रतीत हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन सेवक द्धअत्रञ्च ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया तो देशभर में व्यापक जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। संगठन ने प्रशासन से सामान्य,एवं स्वर्ण वर्ग की जनभावनाओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने और छात्रों व समाज के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अजमल पुंडीर मंडल अध्यक्ष, खालिद चौहान जिला महासचिव, अरशद पुंडीर नगर अध्यक्ष थानाभवन, महराज चौधरी जिला उपाध्यक्ष, राव नफीस ग्राम अध्यक्ष भैंसानी, राव भूरा, मीडिया प्रभारी अनीस राणा, सद्दाम राणा युवा तहसील अध्यक्ष, राव रिजवान, राव साबिर प्रधान, राव माहिर, रामपाल राणा, मोहित राणा, रवि ठाकुर,अंकुर राणा,गौरव ठाकुर,सहित अनेकों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर शिक्षा में समानता और न्याय की पुरजोर मांग उठाई।

## चौसाना में अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**चौसाना।** चौसाना में, मंगलवार सुबह उपनिरीक्षक संदीप कुमार पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पठानपुरा से नया कुण्डा जाने वाले खड़ंजे के चौराहे के पास एक युवक पुलिस को देखकर अचानक मुड़कर तेज कदमों से चकरोड की ओर बढ़ने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शाकिर पुत्र जिन्दा निवासी गढ़ी हसनपुर, बताया। तलाशी लेने पर उसके लोअर से 315 बोर का देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है। मौके पर सार्वजनिक गवाह जुटाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई आगे नहीं आया। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपीत के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## भारत ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप में पाकिस्तान को हरा सिल्वर पदक जीता

**थाईलैंड, वार्ता।** भारतीय पुरुष फुटसल टीम के लिए यह 77वां गणतंत्र दिवस यादगार रहा, जिसने यहां हुआ माक इंडोर स्टेडियम में सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में अपने विरोधी पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सिल्वर मेडल पक्का किया। फुटसल टाइगर्स, जो फीफा पुरुष फुटसल रैंकिग में 133वें स्थान पर हैं, ने छह मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, जो मालदीव (109वें स्थान पर) से सात पॉइंट्स पीछे है। 114वें स्थान पर काबिज नेपाल ने भी 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, लेकिन कम गोल डिफरेंस के कारण सिर्फ ब्रॉन्ज मेडल ही जीत पाया। लालसावम्पुइया (25', 40') ने दो गोल किए, जबकि विन्सेंट लाल्टलुआंगजेला (6') और निखिल माली (32') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया।

## पाक ने कीवियों को आठ विकेट से पीटा

**हरारे, वार्ता।** अब्दुल सुभान (4 विकेट) और अली रजा (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स के ग्रुप दो मुकाबले में मंगलवार को 197 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से पीट दिया। न्यूजीलैंड को 28.3 ओवर में 110 रन पर ढेर करने के बाद पाकिस्तान ने 17.1 ओवर में दो विकेट पर 112 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। समीर मिन्हास ने नाबाद 59 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन की मैच विजई पारी खेली। उस्मान खान ने 24 गेंदों पर 15 रन बनाए। सुपर सिक्स में पाकिस्तान की यह दूसरी जीत है। इससे पहले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरे पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुभान ने 11 रन पर चार विकेट और रजा ने 36 रन पर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को ध्वस्त कर दिया।

# न्यूजीलैंड-भारत का चौथा टी-20 आज

**भारत ने पहले तीन मैच जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया**



**विशाखापत्तनम, वार्ता।** इस समय भारतीय टीम में एक खास तरह का आत्मविश्वास है, और जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा टी-20 इंटरनेशनल मैच पास आ रहा है, यह आत्मविश्वास सीरीज की मुख्य और वायरल कहानी बन गया है। भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया है, लेकिन नतीजों से ज्यादा, उनके क्रिकेट के तरीके ने सबका ध्यान खींचा है। हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के तहत, यह टीम इतने निडर इरादे से खेली है कि विरोधी टीम गेंद फेंके जाने से पहले ही अपने प्लान पर दोबारा सोचने लगती है। यह साफ सोच, तेज एग्जीक्यूशन और सबसे जरूरी, इस विश्वास के साथ खेला जाने वाला क्रिकेट है कि कोई भी टारगेट बहुत बड़ा नहीं है और कोई भी स्थिति बहुत मुश्किल नहीं है। इस कहानी के केंद्र में अभिषेक शर्मा हैं। युवा ओपनर ने ऐसे बैटिंग की जैसे उन्हें एक आसान सा निर्देश दिया गया हो: बॉल देखो, बॉल मारो, और जोर से मारो। नागपुर में 35 गेंदों पर उनके 84 रन और गुवाहाटी में सिर्फ 20 गेंदों पर जबरदस्त 68 रन कोई लाप. रवाही नहीं थी, बल्कि सोचा-समझा अग्रेसन था-ऐसा अग्रेसन जो बॉलिंग टीम को पहले तीन ओवर में ही बैकफुट पर ला देता है। पुराने जमाने की भाषा में कहें तो, उन्होंने गेम जल्दी ही छीन लिया, और यह भारत के लिए बहुत कीमती रहा है।

कैप्टन सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी ने कहानी में एक और परत जोड़ दी है। 2025 की शुरुआत में एक खराब दौर के बाद, वह हर तरह से ऐसे बैटर दिखे हैं जो दो ओवर के अंदर मैच बदल सकते हैं। जहां कोई गैप नहीं लगता, वहां गैप ढूंढ़ने की उनकी काबिलियत ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया है कि वह भारत के टी-20 प्लान में इतने जरूरी क्यों हैं। रायपुर में ईशान किशन की वापसी वाली पारी, जो आजादी और कॉन्फिडेंस के साथ खेली गई, ने भारत के बैटिंग रिजर्व की गहराई को और दिखाया है। भारतीय थिक-टैंक को शायद सबसे ज्यादा खुशी टीम के बैलेंस से हुई है। शिवम दुबे, रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या के साथ मिडिल ऑर्डर ने बिना ज्यादा दिखावे के ठीक-ठाक काम किया है, जबकि बॉलर्स ने एक अच्छी तरह से प्रैक्टिस की हुई यूनिट की तरह काम किया है। जसप्रीत बुम. राह ने कंट्रोल और इंटेलिजेंस के साथ लीड किया है, अर्शदीप सिंह ने लेफ्ट-आर्म वैरायटी दी है, और स्पिनर्स ने इंडियन कंडीशंस का इस्तेमाल मिस्ट्री के बजाय मैच्योरिटी के साथ किया है। न्यूजीलैंड के लिए, कहानी बहुत अलग रही है। वनडे सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद, वे टी-20 फॉर्मेट में इंडिया की तेजी का मुकाबला करने के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने कड़ी टक्कर दी है, और कप्तान मिचेल सेंटनर ने लीडरशिप दिखाई है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में पैसेंजर्स को जगह नहीं मिलती, और उनके कई मेन प्लेयर्स जरूरी मौकों पर चुप रहे हैं। इस फॉर्मेट में, हिचकिचाहट की अक्सर सजा मिलती है, और इंडिया ने ठीक वैसा ही किया है। जैसे ही सीरीज चौथे टी-20 के लिए डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आगे बढ़ रही है, यह मैच एक और जीत या हार से कहीं ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इंडिया के लिए, यह होम वर्ल्ड कप से पहले एक टेम्पलेट को मजबूत करने के बारे में है, यह दिखाते हुए कि यह एग्रेसिव अप्रोच सिचुएशनल नहीं बल्कि स्ट्रक्चरल है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह जवाब खोजने के बारे में है, और जल्दी से। क्रिकेट, हमेशा की तरह, एक बेहतरीन लेवलर बना हुआ है, लेकिन इस समय, इंडिया मॉडर्न टी-20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से एक टीम दिख रही है।

## केन रिचर्डसन ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

● **केन रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे 36 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने 34 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे और 36 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले और 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। घरेलू स्तर पर नॉर्दर्न टेरिटरी और साउथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, रिचर्डसन ने 2008-09 सीजन में लिस्ट-ए में डेब्यू किया और उनका इंटरनेशनल डेब्यू 2013 में श्रीलंका के खिलाफ एक वनडे मैच में हुआ। रिचर्डसन का बीबीएल करियर शानदार रहा और वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने हर सीजन में खेला है। उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ छह सीजन खेले, जिसके बाद 2017-18 में मेलबर्न रेनेगेड्स में चले गए, और 2025-26 सीजन से पहले सिडनी सिक्सर्स के साथ एक साल का करार करने से पहले आठ सीजन तक उनका प्रतिनिधित्व किया। वह 142 विकेट के साथ इस टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर खत्म करते हैं। रिचर्डसन एक ग्लोबल खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने आईपीएल सहित अलग-अलग टूर्नामेंट में फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। रिचर्डसन के एक बयान में कहा गया कि 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का हर कतरा निचोड़ लिया है।

## स्कॉटलैंड ने विश्व कप टीम घोषित की

● **स्कॉटलैंड ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भाग लिया था**



**एडिनबर्ग, वार्ता।** नए हेड कोच ओवेन डॉकिन्स की देखरेख में और रिची बेरिंगटन की कप्तानी में, स्कॉटलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी सातवीं भागीदारी के लिए टीम की घोषणा की है। इस यूरोपीय टीम ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भी भाग लिया था। जैनुल्लाह एहसान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, यह अफग़ान मूल का तेज गेंदबाज हाल ही में स्कॉटलैंड के लिए खेलने के योग्य हुआ है। टीम में पूर्व न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम ब्रूस भी शामिल हैं, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेंगे। 34 वर्षीय ब्रूस ने स्कॉटलैंड के लिए खेलने से पहले ब्लैक कैप्स के लिए 17 टी-20 मैच खेले हैं। आईसीसी के अनुसार, क्रिकेट स्कॉटलैंड के हेड ऑफ परफॉर्मेंस स्टीव स्नेल को उम्मीद है कि टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने की विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार है। बांग्लादेश की जगह विश्व कप में शामिल किया गया स्कॉटलैंड इस कॉम्पिटिशन के ग्रुप सी का हिस्सा है और इंग्लैंड, इटली, नेपाल तथा वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उनका पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।

**स्कॉटलैंड टीम**-रिची बेरिगटन, टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह एहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, सफ्यान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील।

ट्रैवलिग रिजर्व: जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस, नॉन-ट्रैवलिग रिजर्व: मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर।


## पाक का टी-20 विश्व कप खेलने को लेकर फैसला 2 फरवरी तक

● **पीसीबी के चेयरमैन ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया**



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप 2026 में शिरकत को लेकर संशय बरकरार है। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया है। इस सिलसिले में नकवी ने सोमवार को मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नकवी ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आखिरी अधिकार सरकार के पास है और बोर्ड सरकार के निर्देशों का ही पालन करेगा। नकवी ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक सकारात्मक बैठक हुई। मैंने उन्हें आईसीसी से जुड़े मामले की जानकारी दी और उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विकल्प खुले रखते हुए इसका समाधान निकाला जाए।

इस पर सहमति बनी कि भागीदारी को लेकर अंतिम फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार को लिया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि विश्व कप के पूर्ण बहिष्कार का विकल्प ही एकमात्र रास्ता नहीं है, जिस पर पीसीबी विचार कर रहा है। ऐसी भी अटकलें हैं कि एक सीमित विरोध दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से हाथ पीछे खींचे जा सकते हैं। हालांकि, पीसीबी ने अब तक इस संभावित कदम पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। दिलचस्प बात यह है कि मोहसिन नकवी के बयान के ठीक अगले दिन ही बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम की घोषणा कर दी थी। टीम के ऐलान के बावजूद, मुख्य चयनकर्ता आकबि जावेद ने साफ किया कि टूर्नामेंट में पाकिस्तान की हिस्सेदारी और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम फैसला सरकार के पाले में ही रहेगा। अगर नकवी के संकेत के मुताबिक पाकिस्तान अगले हफ्ते तक फैसला टालता है, तो यह काफी देर से लिया गया निर्णय होगा। टूर्नामेंट में पाकिस्तान का पहला मैच ही ओपनिग गेम है, जो 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला जाना है। यह संभावित निर्णय तिथि से सिर्फ चार दिन पहले का मामला होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने इस विषय पर यह जानने के लिए आईसीसी से भी संपर्क किया है कि क्या पीसीबी ने औपचारिक तौर पर उनसे कोई बातचीत की है। पाकिस्तान की विश्व कप भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल तब और गहरा गए, जब मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर करने के आईसीसी के फैसले पर तीखी आपत्ति जताई।





## सबालेंका-एलिना सेमीफाइनल में भिड़ेंगी

● **आर्याना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में इवा जोविक को हराया**

● **एलिना स्वितोलिना ने नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लग**





**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को मेलबर्न में तेज गर्मी को नजरअंदाज करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में टीनएजर इवा जोविक को हरा दिया।

सबालेंका ने 2023 और 2024 में मेलबर्न पार्क में जीता अपना टाइटल वापस पाने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में कुछ पल ऐसे भी थे जब सबालेंका का फॉर्म ठीक नहीं था, लेकिन उन्होंने 18 साल की जोविक पर 89 मिनट में 6-3, 6-0 से जीत हासिल करते हुए तेज और शांत खेल दिखाया। सेमीफाइनल में सबालेंका का एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा जो पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका ने जीत के बाद नरमी से कहा कि यह एक मुश्किल मैच था। स्कोर मत देखो, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं जीत से बहुत खुश हूं।

मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था और मैच शुरू होने तक यह 35 डिग्री तक पहुंच गया था। रॉड लेवर एरिना में अभी भी छत बंद नहीं हुई थी, सबालेंका की हैवी बॉल स्ट्राइकिग ने जो. विक पर लगातार प्रेशर बनाए रखा। बेलारूसी खिलाड़ी ने 31 विनर्स और सात एसेस के साथ मैच खत्म किया। इस बीच में 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना को नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लगे। वह अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार पहुंची हैं। पिछले सितम्बर में, स्वितोलिना ने ठीक होने और रिचार्ज होने की जरूरत बताते हुए 2025 सीजन जल्दी खत्म कर दिया था। 31 साल की खिलाड़ी ने वापसी पर शानदार शुरुआत की है।

उन्होंने साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना 19वां करियर खिताब जीता, और अब वह अपने करियर की तीसरी सबसे लंबी टूर-लेवल जीत की लय में हैं। (2017 में, उन्होंने लगातार 15 मैच जीते थे, और 2025 में उन्होंने लगातार 11 मैच जीते थे।) दरअसल, स्वितोलिना ने 2026 में अब तक सिर्फ एक सेट हारा है - ऑकलैंड क्वार्टरफाइनल में सोनाय कार्टल से।

स्वितोलिना तीसरे सेट में कार्टल से 5-3 से पीछे थीं, लेकिन 6-4, 6-7(2), 7-6(5) से जीत हासिल की। अब यह पक्का है कि वह अगले सोमवार की रैंकिग में अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार टॉप 10 में लौटेंगी। गॉफ पर स्वितोलिना की जीत उनके करियर की 24वीं टॉप 5 जीत है। इनमें से चार ग्रैंड स्लैम में आई हैं, सभी मैटरनिटी लीव से वापसी के बाद।

उन्होंने गॉफ के साथ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2-0 शामिल है, जहां उन्होंने 2021 के दूसरे राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया था। गॉफ की इस सीरीज में दोनों जीत 2024 में आई, ऑकलैंड फाइनल और यूएस ओपन के तीसरे राउंड में - दोनों बार एक सेट हारने के बाद।

## सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज-ज्वेरेव

● **अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की**

**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने से सिर्फ दो जीत दूर रह गए, जहां उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ होगा। वर्ल्ड नंबर 1 ने एलेक्स डी मिनौर के नए तेज अटैकिंग खेल को झेला और आखिरकार उसे बेअसर कर दिया, और 7-5, 6-2, 6-1 से शानदार जीत हासिल की, जो रॉड लेवर एरिना में मौजूद दर्शकों के सामने एक बड़ा बयान था। अपने सातवें मेजर टाइटल और मेलबर्न में पहले का पीछा करते हुए, अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की। अल्काराज ने कहा कि मैं पहले राउंड से ही हर मैच में जिस लेवल पर खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं।मैं हर मैच में अपना लेवल बढ़ा रहा हूं। मैं अपनी टीम से धैर्य रखने के बारे में बात कर रहा था, क्योंकि मैं अभी सब कुछ चाहता हूं। लेकिन उन्होंने मुझसे धैर्य रखने को कहा, कि लेवल अपने आप आ जाएगा। आज मुझे बहुत सहज महसूस हुआ, शानदार टेनिस खेला, जिस पर मुझे बहुत गर्व है। डी मिनौर ने खेल के एलीट खिलाड़ियों, खासकर अल्काराज और जानिक सिनर को परेशान करने के लिए जरूरी ब्लूप्रिंट की एक झलक दिखाई, लेकिन मुकाबले ने आखिरकार उस अंतर को उजागर किया जो अभी भी उच्चतम स्तर पर मौजूद है। अल्काराज ने बेसलाइन से जोरदार शॉट लगाए, और बिना कोई सेट हारे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए आत्मविश्वास के साथ खेल को नियंत्रित किया। इस पखवाड़े, 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले छठे व्यक्ति बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, और आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और रॉड लेवर के साथ शामिल होंगे। एलेक्जेंडर बुब्लिक पर चौथे राउंड में जीत के बाद, डी मिनौर ने टॉप खिलाड़ियों के लिए पंचिग बैग बनने से बचने और विरोधियों को उनकी जगह से हटाने की अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के अपने दृढ़ संकल्प के बारे में खुलकर बात की। उनकी गति और लगातार बचाव ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में करियर के सबसे ऊंचे नंबर 6 पर पहुंचाया है। एक सेट के लिए, डी मिनौर ने उस महत्वाकांक्षा को पूरा किया। क्वार्टर-फाइनल के शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कोर्ट के अंदर आकर और अपनी शर्तों पर खेलकर 0-3 और 3-5 के घाटे से वापसी की। हालांकि, वह प्रतिरोध अस्थाई साबित हुआ। जब डी मिनौर के साथ खेलने के बारे में पूछा गया तो अल्काराज ने कहा कि यह सच में बहुत मुश्किल है। मैंने मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की, गेंद को बहुत अच्छी तरह से हिट किया। लेकिन एलेक्स आपको हर समय जल्दबाजी में डाल देता है, इसलिए आप गेंद को जितना हो सके उतनी जोर से मारना चाहते हैं, जो उसके खिलाफ असंभव है। इसलिए 3-0 से 4-3, 4-4 तक, मैं सब कुछ जल्दबाजी में चाहता था, इसलिए मैंने एक पल लिया, मानसिक रूप से ब्रेक लिया। मैं मैच के अंत तक ज्यादा धैर्यवान था। अल्काराज ने निर्णायक रूप से अपनी गति बदली, लगातार गेंद मारकर मुकाबले को खत्म कर दिया और दो घंटे, 15 मिनट में जीत हासिल की। इस जीत ने डी मिनौर पर एटीपी हेड2हेड में उनकी बढ़त को 6-0 कर दिया, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 2022 में शुरू हुई अपनी प्रतिद्वंद्विता में सिर्फ दो सेट जीते हैं। 2024 और 2025 में मेलबर्न पार्क में क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद, अल्काराज का अब टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 16-4 हो गया है। आखिरी चार में उनका मुक. ाबला ज्वेरेव के साथ 2024 के क्वार्टर-फाइनल का रीमैच होगा, जिसे जर्मन खिलाड़ी ने चार सेट में जीता था। ज्वेरेव मंगलवार को लर्नर टिएन के करियर के सर्वश्रेष्ठ मेजर रन को खत्म करके लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी, जो पिछले साल मेलबर्न में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे, ने 6-3, 6-7(5), 6-1, 7-6(3) से जीत हासिल करके अपना पहला मेजर खिताब जीतने की उम्मीद को जिंदा रखा।

## आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी के आगमन पर सभी ने कहा 'बेस्ट ऑफ लक'




**पहला टेस्ट: को**

**नई दिल्ली, वार्ता।** गंगा इंटरनेशनल स्कूल, हिरन कूदना के लिए आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर का चयन होना विद्यालय के इतिहास में एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहा. सिक उपलब्धि रहा। इस अवसर ने न केवल विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई, बल्कि विद्यार्थियों के मन में खेलों के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों तक सभी में आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी को देखने का अद्‌भुत उत्साह देखने को मिला। 'इंडिया-इंडिया' के गगनभेदी नारों, तिरंगे के साथ ट्रॉफी के भव्य स्वागत ने पूरे वातावरण को देशप्रेम और खेल भावना से ओतप्रोत कर दिया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हर्षित राणा की स्वर्णिम क्रिकेट यात्रा की नींव इसी विद्यालय में पड़ी। विद्यालय के कोच श्रवण कुमार के कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और मार्गदर्शन में उनकी प्रतिभा निरंतर निखरती गई। विद्यालय की खेल व्यवस्था और अनुभवी प्रशिक्षकों के सहयोग से हर्षित राणा ने अपने सपनों को आकार दिया और आज वे असंख्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणााेत बन चुके हैं। हर्षित राणा के सहपाठी केशव त्यागी ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बचपन से ही मैदान में उनकी हर गेंद पर तालियां गूंजती थीं। असफलताओं से सीख लेने और निरंतर अभ्यास करने की उनकी प्रवृत्ति ही उनकी सफलता की कुंजी रही है। वहीं उनके मित्र आर्यन ने उन्हें मेहनती, अनुशासित और सुसंस्कृत खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में कम उम्र में भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में चयन उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। गौरतलब है कि गंगा इंटरनेशनल स्कूल ने वर्षों में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तराशा है, जिनमें प्रसिद्ध भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा सहित रणजी स्तर के खिलाड़ी सुमित माथुर, राहुल डागर, मोहित शर्मा एवं सच्चिदानंद पांडे जैसे नाम शामिल हैं। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के योगदान से जुड़े विद्यालय में वर्ल्ड कप ट्रॉफी का आगमन सभी के लिए सपने के साकार होने जैसा रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए आईसीसी क्रिकेट क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्रिकेट के प्रति अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य एवं संगीत के माध्यम से देशप्रेम और खेल भावना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित

# 77 वें गणतंत्र दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने किया झण्डारोहण








## गणतंत्र दिवस पर डाला प्रकाश, बताया महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर में गणतंत्र दिवस उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग स्थानों पर ध्वजारोहण किया।

सांसद इमरान मसूद ने सबसे पहले जिला कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। उसके बाद वह सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण करने पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व मंत्री शायान मसूद, पूर्व विधायक मसूद अखतर, हमजा मसूद आदि मौजूद रहे।

बसपा कार्यालय पर राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर बेनीवाल ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद बहनजी को 2027 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ ही लड्डूओं का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, मण्डल संयोजक हाजी सरफराज राईन, वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब, जिलाध्यक्ष रजनीश बन्धु, जिशान गाडा, पूर्व जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, अनिल धारिया, अरूण प्रधान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, तसलीम, अबूबकर चौधरी, फरहाद गाडा, जितेन्द्र राणा बाबा, मजाहिर राणा, नुसरत साबरी, विरेन्द्र ठाकुर, मांगेराम कश्यप, फैसल सलमानी, ममता चौधरी, चौ. अब्दुल गफूर आदि मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने नकुड विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया। उनके साथ पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप भी मौजूद रहे।

ग्राम कैलाशपुर में प्रधान पद के भावी प्रत्याशी हाफिज जाहिद ने देहरादून रोड स्थित अपने नदवी टॉवर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशु मलिक को भी आमंत्रित किया गया था। तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रगान के पश्चात् हाफिज जाहिद ने कहा कि इसी दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था इसलिए ये दिन हमारे लिए खास है और संविधान का पालन एवं रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि पप्पू, वसीम खान, पूर्व प्रधान शहजाद उर्फ ताया, मो.आरिफ, मो. दानिश, मो. शाहिद, सद्दू खान, इश्तियाक कुरैशी इबादुल्ला खान आदि मौजूद थे।

समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने बेहट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थाना व कई मदरसों पर ध्वजारोहण किया। उन्होने मौजूद लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

भारतीय संविधान के 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन नेशनल मेडिकल कॉलेज में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद फजलुर्रहमान सहित जिला अध्यक्ष मांगेराम, प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ सफीना तबस्सुम एवं प्राचार्य डॉ असलम ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया।

समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने यंग तिरंगा क्लब, सडक दूधली, नसीरपुरा, मदरसा जमीयतुल मलकपुर, डिफेंस कालोनी आदि में ध्वजारोहण किया। उनके साथ मीरा, अरशी, देव, जैनब, समीर, मुकीम, मुशाहिद, सलमान, समीर, उसमान, जुबैर, जिन्दा हसन, हाजी शमशेर, कुलद. ीप, आदि मौजूद रहे।

घंटाघर पर नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह के साथ जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजा. हिरी ने बच्चों द्वारा निकाले गये मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान स. एमसी सिंह चावला, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

दीवानी न्यायालय में जिला न्यायाधीश ने ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता चौ. जानिसार समेत विद्वान अधिवक्ता मौजूद रहे। कैलाशपुर स्थित क्रिसेन्ट पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रबन्धक ने ध्वजारोहण कर गणतं.। दिवस पर प्रकाश डालासाद अली खान समेत सैंकडों लोग मौजूद रहे।








## देश के हालात बन रहे चिंताजनकः हरीश रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य हरीश रावत ने कहा कि देश के हालात चिंताजनक बनते जा रहे है आज देश का दुर्भाग्य है कि भाजपा सरकारे बताएँगी की कौन शंकराचार्य वैध है और कौन से अवैध है।



देहरादून से दिल्ली जाते हुये उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने छुटमलपुर में अपने निकटवर्ती अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि शंकराचार्य एक संस्था है सनातन की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है उसके अवमूल्यन का अधिकार किसी सत्ता को नहीं दिया जा सकता है भाजपा की सरकार को ईश्वर सदबुद्धि दे क्या शंकराचार्य भी भाजपा नियुक्त करेगी जिसे भाजपा मान्यता देगी वहीं शंक. राचार्य का आदर पायेंगे। पूर्व मुख्य मंत्री ने कहा कि शंकराचार्य सनातन परंपरा है अब मालूम हुआ कि इसके अधिकार भी भाजपा सरकार ने अपने ऊपर ले लिया है। शंकराचार्य को स्नान से रोकना केवल एक संत को रोकना नहीं बल्कि सनातन परंपरा को रोकना नहीं बल्कि सनातन परंपरा और करोड़ों हिंद. ओं की आस्था पर सीधा प्रहार है। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उन्होंने कहा कि सुप्रीमकोर्ट या हाईकोर्ट के सेवा. निवृत्त जज की निगरानी में अगर सीबीआई जाँच होती है तब हम इसको निष्पक्ष जाँच मानेंगे अन्यथा ये खानापूर्ति मानी जायगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश में सपा कांग्रेस और अन्य छोटे दलों का गठबंधन आगामी 2027 में जारी रहेगा।

हरीश रावत ने उत्तराखंड के उधमसिंहनगर में किसान की आत्महत्या मामले में उत्तराखण्ड सरकार पर लिपपोती का आरोप लगाया। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, अरविंद कम्बोज, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, पदम् सिंह, रामबीर सिंह, राव यूसुफ, याहीया मलिक, परवीन ठेकेदार लाल्ला, महबूब तलहेड़ी, कारी आबिद, अजीम मलिक, अरशद मलिक, आजम मलिक, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, फजल मिर्जा, सुखदेव चौहान, आमिर मलिक, याकूब मलिक, तेज सिंह भगत आदि मोजूद रहे।

## ग्लोकल विश्वविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्लोकल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने ध्वज उत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों मोहम्मद असद को रेसलिंग के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया गया है सो. हेल खान को क्राइम ब्रांच में इंटर्नशिप के लिए चयनित होने पर, प्रकाश कुशवाहा एवं सलोनी धीमान को राष्ट्रीय सेवा योजना के एकीकरण शिविर में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। यह छात्र शैक्षणिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिए सम्मान पाकर उत्साहित थे। इस अवसर पर कुलसचि. चव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कहा कि संविधान ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लो. कतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह दिवस हमें स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने तथा अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। गणतंत्र दिवस राष्ट्र की एकता, अखंडता और नागरिक चेतना का प्रतीक है।



कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन मुदस्सिर पटेल द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं रोचक बनाए रखा। वहीं, कार्यक्रम के अंत में डॉ. शोभा त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर सारगर्भित विचार साझा किए।

इस अवसर पर कुलानुशासक जमीरुल इस्लाम, डॉ आतेका बानो, डॉ संदीप, डॉ कलीम, जोगिंदर रो. हेला, अरुण कुमार आदि के साथ सभी फैकल्टी मेंबर, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 16 को संविधान संवाद रैली स्थल का जायजा लेते सांसद इमरान व एमएलसी शाहनवाज



**सहारनपुर।** आगामी वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी द्वारा प्रदेश भर में 'संविधान संवाद रैली' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस श्रृंखला के तहत 16 फरवरी को जनपद में संविधान संवाद रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली को लेकर कांग्रेस के जिला पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

सूत्रों के अनुसार रैली के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद को सौंपी गई है। इसी कड़ी में सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिल्ली रोड क्षेत्र में संभावित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया, जिसे लगभग चिन्हित कर लिया गया है। हालांकि अभी आयोजन स्थल की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि सांसद इमरान मसूद की सहमति से स्थान लगभग तय माना जा रहा है। रैली से संबंधित आधिकारिक जानकारी शीघ्र ही सार्वजनिक की जाएगी। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी तेज है कि इस रैली के माध्यम से कांग्रेस जहां एक ओर संविधान और लोकतंत्र के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएगी, वहीं दूसरी ओर देहात विधानसभा क्षेत्र की सियासत को भी साधने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि एमएलसी शाहनवाज खान देहात विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं, ऐसे में रैली के जरिए उनकी क्षेत्रीय पकड़ को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान की बढ़ती राजनीतिक नजदीकियां यह संकेत भी दे रही हैं कि भविष्य में नए राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं। आने वाले समय में देहात विधानसभा की राजनीति किस दिशा में जाएगी, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## शौर्य पुरस्कार के लिए हैड कांस्टेबल कुनाल नामित

**नागल।** स्थानीय थाने मे तैनात हैड कांस्टेबल कुनाल मलिक का नाम शौर्य पुरस्कार के लिए नामित किए जाने पर स्थानीय थाने के स्टाफ व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हे बधाई दी है।

विदित हो कि वर्ष 2020 मे सहारनपुर मे तैनाती के दौरान सकलापुरी मे हुई मुठभेड मे वे अपनी जान की परवाह किए बगैर बदमाशों से भिड गये थे और घायल हो गए थे। उनके अदम्य साहस, कर्तव्य परायणता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने उनका नाम गैलेंट्रीं एवार्ड के लिए नामित किये जाने पर थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान,पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, मानसिंह सैनी,मनसब अली परवेज, राहुल नौसरान, अनुज स्वामी, पपिन चौधरी,सतेंद्र वैदिक, डा रामकुमार मलिक, स्वतंत्र कादियान, कपिल डाबर, सुनील चौधरी, फखरुद्दीन पप्पू, चौधरी राजवीर सिंह, चौधरी विनय कुमार, बिरमपाल प्रधान, जोगेंद्र सैनी, राहुल खारी आदि ने उन्हे बधाई दी है।

## यौम ए जम्हूरिया पर मुशायरे का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यौम-ए-जम्हूरिया के मौके पर बज्म-ए-इकबाल तंजीम की जानिब से एक शानदार मुशायरा शिरा. जआन स्थित गुलशन-ए- तालीम स्कूल में आयोजित किया गया।



मुशायरे का रिबन काटकर उदघाटन करते हुए भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व राज्यमंत्री सैयद शकील अहमद ने कहा कि यौमे जम्हूरिया की सच्ची मुबारकबाद तब होगी जब हम देश के प्रत्येक नागरिक को उसके संवैधानिक अधिकार भेदभाव मिटाकर दिला दें। और जगह-जगह नफरत के जो नासूर पैदा हो गए हैं, उन्हें नकार कर मुहब्बत की शमा जलाएं। सिनियर एडवोकेट बाबर वसीम ने उर्दू की शमा रोशन करते हुए सभी को यौमे जम्हूरिया की जिम्मेदारी याद दिलाई।

मुशायरा की शुरुआत यश भारती अवॉर्ड धारक मशहूर सिंगर राहत इंदौरी ने नात-पाक सरकार का दीवाना जब हद से गुजर जाएष। से की उसके बाद मुंबई से आए मशहूर शायर/सिंगर ने अपना कलाम पेश किया। शायर शकील अहमद सोज ने अपना कलाम तेरा चाहने वाला बेहतर इबादत गुजार है छत पर आ अंगड़ाई से मेहराब बना जा।

मशहूर शायर इकबाल मंसूरी ने भी अपने कलाम से खूब दाद बटोरी, प्रोग्राम का संचालन उस्ताद शायर बरकतउल्लाह शाद ने किया। मुशायरा देर रात तक चला।

मुशायरे में मुख्य रूप से पार्षद फहाद सलीम, चौधरी कामिल, अर्श साहिल, मुफ्ती इसरार, शादाब आब्दी, सपा नेता अनवर खान वारसी, सैयद भाई मिट्ठू, नदीम खान, गुलरेज खान, सुलेमान, प्रीतम सिंह, नन्द कुमार, नईम रजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
हाफिज जाहिद
भावी प्रत्याशी प्रधान पद
ग्राम कैलाशपुर



गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद



एडवोकेट नियाज हुसैन
जिला सचिव
आम आदमी पार्टी, सहारनपुर

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूलम देवी
ग्राम प्रधान
राकेश कुमार
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
नीरज चौधरी सचिव
ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर विकास खंड सढोली कदीम तहसील बेहट सहारनपुर



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 28 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्‌गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





विनीत नारायण

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामा. जिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमरू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णत: मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम



तनवीर जाफरी





गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंक. राचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंक. राचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंक. राचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAMIA TIBBIYA DEOBAND

Recognized by NCISM, New Delhi, Affiliated to Mahayogi Guru GorakhnathAyush University, Gorakhpur, U.P.

Courses Offered B.U.M.S. (Bachelor of Unani Medicine and Surgery) Duration 5½ Year (01 Year Rotatory Internship)

HOSPITAL JAMIA TIBBIYA | JAMIA REMEDIES

JAMIA COLLEGE OF PHARMACY
G.T. Road, Deoband
Approved by PCI New Delhi, Affiliated to AKTU Lucknow &BTEUP Lucknow

Courses Offered

B Pharm — Bachelor of Pharmacy (4 Year) — Required Qualification- 12th PCB or PCM Minimum 50% Marks

D Pharm — Diploma in Pharmacy (2 Year) — Required Qualification- 12th PCB or PCM

JAMIA PARAMEDICAL COLLEGE
G.T. Road, Deoband
Approved & Affiliated to Board of Ayurvedic & Unani Tibbi Systems of Medicine, Lucknow. U.P

Courses Offered

DIPLOMA IN NURSING (AYURVEDA) — (3Year 09 Month) (9 month Maternity Training) Required Qualification- 12th

DIPLOMA IN PHARMACIST (AYURVEDA) — (2 Year 03 Month) (3 month Internship) Required Qualification- 12th P.C.B or P.C.M.

Key Features: Well Equipped Labs, Best Infrastructure, Qualified & Well Trained Faculty

Facilities: Hostel For Boys/Girls, Cafeteria, Transport for Girls, Ragging Free Campus

Contact us - 9897869424, 8279730724, 9897842060, 9359210059

Helpline - 1800-102-2318
G.T. Road, Deoband, District Saharanpur, Uttar Pradesh - 247554
Email - info@jamiatibbiya.com, jcpdeoband@gmail.com
Web - www.jamiatibbiya.com, www.jcpdeoband.com



मुस्लिम फ़ण्ड ट्रस्ट देवबन्द
व अधीनस्थ संस्थाओं की ओर से समस्त देशवासियों को

अधीनस्थ संस्थाएं: पब्लिक नर्सरी एण्ड जू0 हा0 स्कूल, मदनी आई हॉस्पिटल, मदनी टेक्निकल इन्स्टिट्यूट

अधीनस्थ संस्थाएं: पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज, मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सैंटर, मुस्लिम फण्ड ब्रांच नागल

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मौ0 अनस सिद्दीक़ी — सेक्रेटरी मुस्लिम फ़ण्ड ट्रस्ट देवबन्द
सुहेल सिद्दीक़ी — प्रबन्धक मुस्लिम फ़ण्ड ट्रस्ट देवबन्द



MAPLES ACADEMY — A Truly Unique Educational Pathway
ADMISSIONS OPEN
The Vision of School: "To provide such education which will make country The Vishwaguru in 21st century"
26 JANUARY Happy Republic Day
Contact : 9690007093, 94, 95, 97, 99 Muzaffarnagar Road, Deoband
website : www.maplesacademy.in e-mail : info@maplesacademy.in



नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल
एनजीपीएस रोड, तालिमाबाद, देवबन्द
26 January HAPPY REPUBLIC DAY
क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. नवाज़ देवबन्दी (संस्थापक)



BENISON SCHOOL
10+2 Senior Secondary
Affiliated to CBSE New Delhi
HAPPY REPUBLIC DAY
शाइस्ता चौधरी, नदीम चौधरी (प्रबंधक)
श्रीकान्त चौधरी (प्रधानाचार्य)
+91-9319865623, 9058440881
Behind Govt. Girl's Inter College, Inderpur Road, Deoband- 247554 Saharanpur



दून वैली परिवार की ओर से 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN 2026-27
DOON VALLEY PUBLIC SCHOOL — Creating Leaders of Tomorrow



इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज, देवबन्द
की ओर से आप सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
26th JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY
MCA MBA BA
BCA BBA B.Ed
LL.B BA.LL.B D.El.Ed (B.T.C)
Mob:- +91-8755525452,9045143298
Add. Near Indira Park Deoband(247554)



Spring Dale PUBLIC SCHOOL
Affiliate to C.B.S.E., New Delhi | Senior Secondary
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
LIMITED SEATS ADMISSION OPEN 2026-27
8439-851-786, 8439-852-786
Head Office: Near Faizan Hospital, Eidgah Road, Deoband
Campus: Global Knowledge Park, 2Kms, SH-58, Deoband-247554



श्री रामकृष्ण योगाश्रम इंटर कॉलेज
सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 January HAPPY REPUBLIC DAY
अरुण कुमार गोयल (प्रधानाचार्य)
साध्वी मंगिनी आनु (प्रबंधक)



26 January HAPPY REPUBLIC DAY
DOON HILLS ACADEMY
Sr. Secondary Affiliated to CBSE, New Delhi
Pre-Nursery to Class XI & XI
Moving From Darkness Towards The Light To Knowledge
DOON HILLS INSTITUTE OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
B.A. & B.Sc.
Dr. Pradeep Verma (Manager) — Tanuraj Verma (Director) — Anjali Verma (Principal)
Muzaffarnagar Road, Deoband 247554, Saharanpur



के.एल.जनता इण्टर कॉलेज देवबन्द (सहारनपुर)
सभी क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 january Republic Day
दीपक राज सिंघल (प्रबंधक)
राजकुमार (प्रधानाचार्य)



26 January HAPPY REPUBLIC DAY
क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इस्लामिया इंटर कालेज देवबन्द
रिज़वान उल हक (प्रबंधक)
अरशद जमा (प्रधानाचार्य)



26 January HAPPY REPUBLIC DAY
J.J Enterprises
Rohit Aggarwal
Propriter
Rankhandi Road, Deoband



SARVODYA GYAN PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI 10+2 (SR. SECONDARY)
SGPS
Golden Opportunity FREE ADMISSION 15 JAN TO 15 FEB 2026 WITH LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN — ENROLL NOW
SAHARANPUR ROAD, SAINI SARAY, DEOBAND (SRE)
96 3432 1242, 96 3433 1242



सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इसहाक वाले खां
मनोज सिंघल



शाह टाइम्स परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



BRIGHT PRINT
चुनाव प्रचार सामग्री
बैनर, पोस्टर, बिल्ला, स्टीकर झण्डा, पटका, टोपी, कैप पेम्फलेट, बैलेट पेपर आदि
M.7037008786, 8800731415
शौकत मार्किट निकट मुस्लिम फण्ड, देवबन्द